वर्ष 24, अंक 251, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 21 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भारत के पड़ोस में अमेरिका को तगड़ा झटका,

# हमने साफ मना कर दिया...

## श्रीलंका ने नहीं दी फाइटर जेट को लैंडिंग की इजाजत

**श्रीलंका**

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को संसद को बताया कि सरकार ने इस महीने की शुरूआत में दो अमेरिकी युद्धक विमानों को मट्टाला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। उनके अनुसार, जिबूती में तैनात विमानों ने 4 मार्च और 2 मार्च को उतरने की अनुमति मांगी थी, लेकिन दोनों ही अनुरोध ठुकरा दिए गए। राष्ट्रपति ने कहा कि तीव्र भू-राजनीतिक दबाव के बावजूद कोलंबो संतुलित विदेश नीति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के हवाले से कहा, "हम अनेक दबावों के बावजूद अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहते हैं। हम झुकेंगे नहीं। मध्य पूर्व युद्ध चुनौतियां पेश करता है, लेकिन हम तटस्थ बने रहने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि अमेरिकी विमानों ने आठ-आठ एंटी-शिप मिसाइलों से लैस दो युद्धक विमान लाने की कोशिश की, जिसे श्रीलंका ने अस्वीकार कर दिया।

अमेरिकी दूत के साथ उच्च स्तरीय वार्ता

यह घोषणा दिसानायके की दक्षिण और मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर के साथ हुई बैठक के बाद हुई। चर्चा



प्रमुख समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बंदरगाह सुरक्षा को मजबूत करने, व्यापार सहयोग बढ़ाने और एक खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी।

हमले और नौसैनिक गतिविधियां

श्रीलंका का यह निर्णय ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है। 4 मार्च को, अमेरिका ने गाले तट के पास ईरानी फ्रिगेट आइरिस डेना को टॉरपीडो से उड़ा दिया, जिसमें 84 नाविक मारे गए और 32 अन्य को बचा लिया गया। नौसैनिक बेड़े की समीक्षा के बाद फ्रिगेट अभी-अभी विशाखापत्तनम से रवाना हुआ था। दो दिन बाद, एक अन्य ईरानी पोत, आइरिस बुशहर, 219 नाविकों के साथ कोलंबो बंदरगाह में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। अधिकारियों ने जहाज को त्रिंकोमाली की ओर मोड़ने का निर्देश दिया, जहां राजधानी के पास एक नौसैनिक सुविधा केंद्र में 204 नाविकों को वर्तमान में रखा गया है।

श्रीलंका ने चार दिवसीय कार्य सप्ताह की घोषणा की

इस सप्ताह की शुरूआत में, श्रीलंका ने पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के मद्देनजर संभावित ईंधन संकट से निपटने के लिए एहतियाती उपाय के रूप में चार दिवसीय कार्य सप्ताह की घोषणा की, जिसमें प्रत्येक बुधवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### कायरों हम तुम्हें याद रखेंगे, NATO देशों पर भड़के ट्रंप, संगठन को बताया कागजी शेर

**मध्य** पूर्व क्षेत्र में युद्ध के बढ़ते प्रकोप के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को नाटो पर जमकर हमला बोला और गठबंधन को पेपर टाइगर बताते हुए कहा कि अमेरिका के बिना वे कुछ भी नहीं हैं। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ लड़ाई में शामिल न होने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद न करने के लिए नाटो की आलोचना की और सहयोगी देशों को कायर करार दिया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के बिना, नाटो एक कागजी शेर है! वे परमाणु शक्ति संपन्न ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। अब जब वह लड़ाई सैन्य रूप से जीत ली गई है, और उनके लिए खतरा बहुत कम है, तो वे तेल की ऊंची कीमतों की शिकायत करते हैं, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने में मदद नहीं करना चाहते, जो एक साधारण सैन्य कार्रवाई है और तेल की ऊंची कीमतों का एकमात्र कारण है। उनके लिए यह करना कितना आसान है, और इसमें जोखिम भी बहुत कम है। कायर, और हम इसे याद रखेंगे!

## ईद के चांद का हुआ दीदार, देशभर में कल मनाया जाएगा त्योहार, अखिलेश यादव ने भी दी मुबारकबाद

**लखनऊ**

**लखनऊ** में ईद के चांद का दीदार हो गया है और अब पूरे देश में कल ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जाएगा. जुमे की नमाज के बाद रमजान को चांद दिखाई देने की तस्दीक होने के बाद लोगों में खुशी का माहौल है और बाजारों से लेकर घरों तक तैयारियां तेज हो गई हैं. ईदगाह ऐशबाग समेत सभी मस्जिदों में तैयारी पूरी हो गई हैं. इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने गाइडलाइन जारी की हैं. वहीं मौलाना खालिद रशीद ने देशवासियों को मुबारकबाद दी है, ईदगाह ऐशबाग में सुबह 10 बजे



नमाज होगी और सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की है.

इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी देशवासियों को ईद की मुबारकबाद दी. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "यूं तो सबके अपने-अपने चंदा हैं, पर ईद का चांद एक है. ईद मुबारक!" उनके इस संदेश को लोगों ने खूब पसंद किया।

### बवाना में बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर बरसाई गोलियां, एक की मौत

**नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में बदमाशों के हौसले कितने बुलंद हो चुके हैं, इसकी बानगी एक बार फिर देखने को मिली.

घटना बवाना इलाके की है, जहां दिनदहाड़े घर में घुसकर की गई फायरिंग ने पूरे इलाके को हिला दिया है.

इस हमले में एक मासूम की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हैं और एक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## दिल्ली में यमुना का 'लोहा पुल' हुआ इतिहास,

### 150 साल बाद अब नई पटरी पर दौड़ेगी ट्रेन



**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के रेल नेटवर्क में एक बड़ा बदलाव दर्ज होने जा रहा है. यमुना नदी पर बना 150 साल पुराना ह्यलोहा पुलह्न, जिसने कभी दिल्ली को कोलकाता से जोड़कर देश के विकास को नई दिशा दी थी, अब बंद होने जा रहा है. इसकी जगह ले रहा है आधुनिक तकनीक से बना नया रेलवे ब्रिज, जो सुरक्षा और रफ्तार दोनों में बड़ा बदलाव लाएगा.

दिल्ली और शाहदरा के बीच बना यह ऐतिहासिक पुल डेढ़ सदी तक उत्तर और पूर्व भारत के बीच सबसे अहम रेल कड़ी रहा. लाखों यात्रियों और भारी माल ढुलाई का बोझ उठाते-उठाते अब इसकी संरचना कमजोर पड़ चुकी है. बढ़ते ट्रैफिक और सुरक्षा चिंताओं के चलते रेलवे ने इसे बंद करने का फैसला लिया है.

नए पुल से बढ़ेगी रफ्तार और सुरक्षा

गुरुवार (20 मार्च) से दिल्ली से रवाना होने वाली ट्रेनें नए कंक्रीट और स्टील से बने पुल पर चलेंगी. यह पुल आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीक से तैयार किया गया है, जो हाई-स्पीड ट्रेनों और भारी मालगाड़ियों का भार आसानी से संभाल सकता है. अब तक जहां पुराने पुल पर ट्रेनों की स्पीड 10 से 20 किमी प्रति घंटा तक सीमित रहती थी. वहीं नए पुल पर बिना स्पीड रोक-टोक के संचालन संभव होगा. इससे यात्रा समय घटेगा और ट्रेनों की लेटलतीफी में भी कमी आएगी.

चरणबद्ध तरीके से हो रहा बदलाव

रेलवे इस बदलाव को एक साथ लागू करने के बजाय चरणों में आगे बढ़ा रहा है. पहले चरण में दिल्ली से बाहर जाने वाली ट्रेनों को नए पुल पर शिफ्ट किया जा रहा है।

## अशोक खरात मामले में बड़ी खबर

### महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चाकणकर ने दिया इस्तीफा



**महाराष्ट्र**

**एनसीपी** अजीत पवार गुट की नेता और महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष रुपाली चाकणकर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया. नासिक के फर्जी बाबा अशोक खरात कांड उजागर होने और बाबा के साथ नजदीकियों का खुलासा होने के बाद लगातार रुपाली के इस्तीफे की मांग की जा रही थी. खरात की कई नेताओं के साथ तस्वीरें सामने आई हैं. खरात के पास के कई आपत्तिजनक वीडियो भी मिले हैं. सीएम देवेंद्र फडणवीस को भेजे गए इस्तीफे में रुपाली चाकणकर ने कहा कि वो व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे रही हैं.

अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा, "15 अक्टूबर 2024 को मेरी नियुक्ति महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा के रूप में हुई थी. व्यक्तिगत कारणों के चलते मैं स्वेच्छा से उक्त पद से अपना इस्तीफा इस पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर रही हूं. अब तक आपने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया और मुझे जो सहयोग प्रदान किया, उसके लिए मैं आपकी एवं सभी सहयोगियों की हृदय से आभारी हूं. भविष्य में भी आपका मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त होता रहेगा, ऐसा मुझे विश्वास है. अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत अध्यक्षा, महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग पद से इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें."

अशोक खरात को 'कैप्टन' खरात के नाम से भी जाना जाता है. उसे 24 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोन्धे ने कहा कि खरात मामले की एसआईटी जांच का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रैंक की महिला पुलिस अधिकारी को करना चाहिए।

## चारधाम यात्रा को लेकर सीएम धामी की अहम बैठक

### सफाई व्यवस्था के अधिकारियों को निर्देश

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में वायु प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से सचिवालय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय वायु गुणवत्ता निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई. इस बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सचिव (वित्त) रमेश कुमार सुधांशु ने की, जिसमें विभिन्न शहरों की वायु गुणवत्ता और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की गई. इस बैठक में देहरादून, ऋषिकेश और काशीपुर में वायु प्रदूषण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई. प्रमुख सचिव ने



अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रदूषण के स्तर में और सुधार लाया जा सके. उन्होंने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन के लिए विशेष प्रयास करने और स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया. निर्माण स्थलों से होने वाले धूलजनित प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एमडीडीए के साथ समन्वय बनाकर निर्माण सामग्री को ढकने और नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए. इससे शहरी क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी. चारधाम यात्रा को देखते हुए प्रमुख सचिव ने यात्रा मार्गों और अस्थायी आश्रय स्थलों पर सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

## बड़ा इमामबाड़ा हिजाब विवाद पर महिला आयोग का संज्ञान, अपर्णा यादव बोलीं- कार्रवाई होगी

**लखनऊ**

**लखनऊ** का बड़ा इमामबाड़ा एक आरोप के चलते सुर्खियों में है, डिजिटल क्रिएटर मान्या सिंह का आरोप है कि उन्हें इमामबाड़े में जाने इस वजह से रोका गया है कि उन्होंने हिजाब नहीं पहना था. अब इस मामले पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव की प्रतिक्रिया सामने आई है.

इस मामले पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मीडिया को बताया कि, "ये बेटी हमारे पास आई थी. मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए. बड़ा



इमामबाड़ा के कर्मचारियों ने इस बच्ची के साथ बहुत अभद्र व्यवहार किया और कहा कि हिजाब पहनकर ही आप बड़ा इमामबाड़ा आ सकते हैं. ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होगी."

एक समाज को किया जा रहा टारगेट- अपर्णा यादव

अपर्णा यादव ने कहा कि, "यह घृणित कार्य सिर्फ एक समाज को टारगेट करने के लिए किया जा रहा है." उन्होंने अपील की है कि "इस तरह का कृत्य न किया जाए, किसी की स्वेच्छा नहीं है, कोई आदमी कहीं घूमने गया है तो आप उसे बाध्य नहीं कर सकते हैं. ऐसे में बहुत ज्यादा समाज में डिवाइड रूल हो जाएगा."

बच्चियों को टारगेट करना सरासर बदतमीजी- अपर्णा यादव

अपर्णा यादव ने इसे घृणित मानसिकता का कार्य बताया है. उन्होंने कहा कि, "ये उनकी आराजक सोच है, हिंदू-मुस्लिम बांटना चाहते हैं।

## दीदी की 10 प्रतिज्ञा से बंगाल साधने की तैयारी, महिलाओं के साथ-साथ बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ते का ऐलान

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का घोषणापत्र जारी किया। लगातार चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही बनर्जी ने कहा कि घोषणापत्र में उनके 10 'प्रतिज्ञाएं' शामिल हैं, जिन्हें आगामी चुनावों के बाद उनकी पार्टी के सत्ता में लौटने पर पूरा किया जाएगा। कोलकाता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, टीएमसी सुप्रीमो ने कहा कि उनकी 10 प्रतिज्ञाएं राज्य के और विकास में सहायक होंगी। उन्होंने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार पर अपनी सरकार के खिलाफ 'षड्यंत्र' रचने का आरोप लगाते हुए हमला जारी रखा। बनर्जी ने कहा कि हम चुनावों के दौरान कई षड्यंत्र देखते हैं, लेकिन इस बार तो उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं।



**पार्टी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सहायता राशि में 500 रुपये की वृद्धि करने का वादा किया है, जिससे सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक सहायता राशि 1,500 रुपये और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों के लिए 1,700 रुपये हो जाएगी।**

पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में चुनाव होंगे और मतगणना 4 मई को होगी। तृणमूल कांग्रेस के घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जिनमें कल्याण और विकास के वादे शामिल हैं। पार्टी ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत सहायता राशि में 500 रुपये की वृद्धि करने का वादा किया है, जिससे सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए मासिक सहायता राशि 1,500 रुपये और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों के लिए 1,700 रुपये हो जाएगी। पार्टी बेरोजगार युवाओं को बांग्लार युवा-साथी योजना के तहत 1,500 रुपये का मासिक भत्ता देना जारी रखेगी और भूमिहीन किसानों सहित किसानों को सहायता देने के लिए 30,000 करोड़ रुपये का कृषि बजट पेश करेगी। घोषणापत्र में प्रत्येक परिवार के लिए पक्के मकान और सभी घरों में पाइप से पीने का पानी पहुंचाने का वादा किया गया है, साथ ही घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए वार्षिक 'दुआरे चिकित्सा' शिविर आयोजित करने का भी प्रावधान है। घोषणापत्र में आगे यह भी वादा किया गया है कि सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे का उन्नयन किया जाएगा, जबकि बंगाल को आधुनिक व्यवस्था और वैश्विक व्यापार केंद्र के साथ पूर्वी भारत के व्यापार केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

## पूरी दुनिया पर पड़ेगा इसका असर- फारूक

**जम्मू कश्मीर**

**जम्मू और** कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया संघर्ष को समाप्त करने का आग्रह किया, शांति और लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना की और कहा कि इस संघर्ष के वैश्विक परिणाम हैं। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए जेकेएनसी प्रमुख ने कहा कि अल्लाह इस युद्ध को समाप्त करे, शांति लाए और लोगों को आराम से जीने दे... इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इसलिए, युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। ये टिप्पणियां ऐसे समय में



आई हैं जब पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष 21वें दिन में प्रवेश कर चुका है। यह संघर्ष 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद शुरू हुआ, जिसमें ईरान के 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की भी हत्या कर दी गई थी। उनकी मृत्यु के बाद, पूर्व नेता के पुत्र मोजतबा खामेनेई को इस्लामी गणराज्य का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया गया। खबरों के अनुसार, ईरान रणनीतिक होर्मुज जलडमरूमध्य पर दबाव बना रहा है, जिसके परिणामस्वरूप तेल, गैस और समुद्री व्यापार मार्गों में व्यवधान वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए एक

आज सुबह विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम एशिया में चल रही स्थिति पर चर्चा करने के लिए पांच विश्व नेताओं से बात की, संवाद और कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया और ऊर्जा अवसंरचना पर हमलों की निंदा की। अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बातचीत की।

जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कल पांच विश्व नेताओं से बात की। उन्होंने ओमान, मलेशिया, फ्रांस, जॉर्डन और कतर के नेताओं से बात की। इन वाताओं में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने तनाव कम करने और उसके बाद शांति और स्थिरता की बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मेजा के ग्राम पंचायत लोटाढ में ऐतिहासिक विकास कर मुलायम ने रचा इतिहास

**कहा -शासन के मंशानुरूप गांव का सर्वांगीण विकास कर स्वच्छ सुंदर आदर्श एवं उत्तम ग्राम पंचायत बनाना ही हमारी है सर्वोच्च प्राथमिकता**

पिता रंगलाल सिंह यादव द्वारा विरासत में सौंपी गई पंचायत जिम्मेदारियों को आगे बढ़ाते हुए पंचायत के 25 साल को बनाया बेमिसाल, विकास को लेकर दिल्ली में सम्मानित प्रधान बहु अनीता यादव और प्रतिनिधि बेटे मुलायम यादव ने पंचायत में पिता का जलवा कायम रखते हुए किए कई अभूतपूर्व कार्य





**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** पंचायत के पच्चीस साल को बेमिसाल बनाते हुए विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत लोटाढ की मौजूदा प्रधान श्रीमती अनीता यादव पत्नी मुलायम सिंह यादव ने गांव का सर्वांगीण विकास कर इतिहास रच दिया है। पूर्व में पंचायत का प्रतिनिधित्व कर रहे ससुर रंगलाल सिंह यादव द्वारा विरासत में सौंपी गई पंचायत की जिम्मेदारियों को गांव की सम्मानित जनता के सहयोग से आगे बढ़ाते हुए युवा बेटे मुलायम सिंह यादव व पुत्र बधू अनीता देवी यादव ने पंचायत कार्यकाल खत्म होने के पूर्व ही गांव में ऐतिहासिक विकास कार्य कर नई इबारत लिख दिया है जिस पर गांव की आम जनता के साथ साथ पिता रंगलाल सिंह यादव,माता श्रीमती गायत्री देवी यादव फक्र है। उल्लेखनीय है कि गांव के समग्र विकास के मद्देनजर सक्रिय बहु और युवा बेटे मुलायम बुनियादी सुविधाओं की बेहतरी के लिए जनहित में कई अभूतपूर्व कार्य किए हैं जिससे गांव की आम जनता में जहां इस युगल जोड़ी प्रधान के प्रतिनिधित्व से पूरी तरह संतुष्ट है वहीं आगामी पंचायत चुनाव में पुनः गांव के प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी सौंपने को उत्साहित नजर आ रही है। गौरतलब है कि युवा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में गांव में सड़को का जाल है और कई नई सड़कों पर कार्य संचालित कराया जा रहा है। बता दें कि 25 वर्ष पूर्व जहां कई कच्चे और जर्जर मार्ग थे वहां वर्तमान में काली चमचमाती सड़क नजर आ रही है। इसके अतिरिक्त गांव में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए प्रत्येक सड़कों के किनारे नालियां भी बनाई गई हैं जिसकी समयानुकूल सफाई भी होती रहती है। स्वच्छता अभियान के दृष्टिगत पूरे पंचायत में इस युवा युगल जोड़ी प्रधान का सर्वथा विशेष फोकस रहता है। जगह जगह की व्यवस्था कराने के साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों जागरूक करना प्रधान अनीता देवी एवं उनके प्रतिनिधि पति मुलायम सिंह यादव की प्राथमिकताएं हैं। उनका मानना है कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है,जिसके लिए इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। देखा जाय तो पिता रंगलाल सिंह के नक्शे कदम पर चलकर पिता द्वारा विरासत में मिली पंचायत राजनीति में उनका जलवा कायम रखने वाले सामाजिक सरोकारों से सराबोर मुलायम सिंह यादव की इनदिनो समाज और ग्राम पंचायत में खुद की एक अलग पहचान बन गई है जिसके लिए वो पूरे क्षेत्र में जाने जाते हैं। समाजसेवा और दबे कुचले निरीह लोगों की मदद के लिए सदैव आगे रहना उनका तथा उनके परिवार का खानदानी संस्कार है। गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले नौनिहालों को स्वच्छ माहौल में शिक्षा दीक्षा मिले और आंगनवाड़ी केंद्र पर समय से बच्चों का पोषाहार वितरित हो इस दिशा में युवा प्रधान का उत्कृष्ट योगदान देखने को मिला है। पंचायत में बनी नालियों सड़कों और इंटरलॉकिंग मार्गों के जर्जर एवं क्षतिग्रस्त होने की दशा तत्काल प्रभावी कदम उठाना और उसकी मरम्मत तथा अन्य व्यवस्थाओं पर ध्यान देना उनका स्वाभाविक नेचर रहा है। ग्राम पंचायत लोटाढ को उत्तम ग्राम पंचायत लोटाढ बनाने का सपना संजोए मुलायम सिंह यादव की पंचायत बढ़ती लोकप्रियता से कुछ चंद विपक्षी जहां बेहद परेशान हैं वहीं पंचायत के समग्र विकास के प्रति अति गंभीर प्रधान प्रतिनिधि गांव में बिजली,पानी, शिक्षा,सड़क और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने में सराहनीय और ऐतिहासिक कदम उठाकर गांव की आवाम को विकास रूपी तोहफा दे रहे हैं। विकास के मुद्दे को लेकर अखंड भारत संदेश प्रतिनिधि मेजा के नेतृत्व वाली टीम के सर्वेक्षण के दौरान विकास पुरुष एवं प्रधान प्रतिनिधि मुलायम सिंह यादव ने कहा कि शासन की मंशानुरूप पंचायत का सर्वांगीण विकास कर एक आदर्श,स्वच्छ,सुंदर और उत्तम ग्राम पंचायत बनाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# आकाशीय बिजली का कहर : किसान समेत दो गर्भवती गायों की मौत, बेटा भी घायल



मृतक संग्राम यादव की फाइल फोटो



आकासीय बिजली की चपेट में आकर मरी भैसें

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र में शुक्रवार तड़के मौसम ने अचानक करवट बदली और सुबह लगभग 5:30 बजे तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान गिरी आकाशीय बिजली ने चकिया घरहरा गांव में बड़ा हादसा कर दिया। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान और दो गर्भवती गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत चकिया घरहरा गांव निवासी किसान संग्राम यादव (60 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय राम नेवाज यादव सुबह करीब 6:30 बजे अपने पशुओं को चारा देने जा रहे थे। उसी समय अचानक तेज गर्जना के साथ कड़क बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय पास ही चरही में बंधी दो गर्भवती गायें भी आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मर गईं। वहीं पास में खड़ी एक भैंस झुलसकर घायल हो गई, साथ ही एक जंगली पेड़ भी बिजली गिरने से झुलसकर फट गया। इस हादसे में मृतक संग्राम यादव का बेटा ज्ञान सिंह उर्फ गुड्डू यादव भी घायल हो गया, जो कुछ ही दूरी पर मौजूद था। परिजनों ने उसे तत्काल प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पशु चिकित्सा विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गए। सूचना पाकर पुलिस चौकी प्रभारी सहसों धर्मेन्द्र मौर्य मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए प्रयागराज भेज दिया। घटना के बाद समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष शकील स्माइल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

मृतक संग्राम यादव खेती-किसानी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो पुत्र हैं—ज्ञान सिंह यादव और अमरेंद्र सिंह यादव। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है, वहीं पत्नी शकुंतला देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# घर में घुसकर चोरों ने लाखों के जेवरात और नगदी किया पार

**बाजार में चोरों के आतंक से फैली दहशत**

**अखंड भारत संदेश**

**जारी प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में चोरों का आतंक जारी है बीती रात जारी बाजार के ही फर्नीचर व्यवसायी राकेश अग्रहरी के घर में अज्ञात चोरों द्वारा घुसकर लाखों रुपए के सोने और चांदी के आभूषण और पौने दो लाख रुपए नगद और मोबाइल उठा ले गए। रात को चोरी के दौरान आवाज सुनकर राकेश अग्रहरी की नींद खुली तो चोरों को दौड़ा कर पकड़ना चाहा लेकिन चोर फरार होने में कामयाब हो गए। राकेश अग्रहरी ने चोरी की लिखित शिकायत थाना अध्यक्ष कौंधियारा से किया है।

बीते दिनों जारी बाजार में एक पखवाड़े में यह पांचवीं चोरी है 3 मार्च को रामूलाल साहू के घर से आभूषण और नगदी चोरी हुआ 6 मार्च को जावेद अली की दुकान से टायर और नगदी चोरी हुआ 9 मार्च को आलोक केसरवानी किराने की दुकान पर चोर को रंगे हाथ पकड़ा गया 13 मार्च को दिलीप केसरवानी के टायर की दुकान पर चोरी हुआ और 20 मार्च को राकेश अग्रहरी के घर में लाखों की चोरी से क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद है और पुलिस तमाशा बनी हुई है जिससे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह से यदि कोरिया होती रही तो जारी बाजार में पुलिस चौकी और एसीपी कार्यालय होने का क्या मतलब है पुलिस रात को कष्ट भी नहीं करती है जिस कारण से चोरों के हौसले बुलंद हैं। इस संबंध में चौकी प्रभारी जारी सुनील कुमार का कहना है की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा होगा अब देखना यह है की पुलिस इन चोरियों को रोक पाती है कि नहीं यह क्षेत्र का एक बड़ा सवाल है।

## विशाल मां भगवती जागरण की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में आगामी 4 अप्रैल शनिवार को स्टेशन रोड हनुमान नगर मोहल्ले में होने वाले 9वां विशाल मां भगवती जागरण की तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमेटी के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कमेटी के अध्यक्ष राहुल जायसवाल ने बताया, कि यहां पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन रखा गया है। जिसकी तैयारी बड़े जोर-शोर से की जा रही है। बैठक में लाला जायसवाल, शिवम जायसवाल, उमेश विश्वकर्मा, डॉक्टर राकेश विश्वकर्मा, सुनील यादव, गोल्डी जायसवाल, विवेक कुमार, मनोज विश्वकर्मा, सुनील सेन, संदीप कनौजिया, उत्तम केसरवानी, ज्वाय सेन मौजूद रहे।

# रंग, रस और राग में डूबा शंकरगढ़, मेयर और विधायक की मौजूदगी में सजी भव्य महफिल

**अखंड भारत संदेश**





**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ स्थित केसरवानी धर्मशाला में आयोजित भव्य होली मिलन एवं सम्मान समारोह में रंग, रस और राग का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को खास बना दिया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर गणेश केसरवानी एवं विशिष्ट अतिथि बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि मेयर गणेश केसरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का भरोसा दिलाया।विधायक डॉ वाचस्पति ने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें मंच प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि बारा और शंकरगढ़ के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी यह क्रम जारी रहेगा।

समारोह के प्रथम चरण में आयोजित कवि सम्मेलन में दूर-दराज से आए कवियों ने हास्य, व्यंग्य एवं श्रृंगार रस की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।ठाकुर इलाहाबादी, सुरेश जी, जय अवस्थी और अभिषेक ने कविताओं के माध्यम से सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर किए गए कटाक्ष को दर्शकों ने खूब सराहा।

रात्रिकालीन सत्र में आयोजित जवाबी कीर्तन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें चेतना आजाद (गोंडा-बहराइच) एवं लोकप्रिय कलाकार राजू रंगीला (रायबरेली) ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोरमा दीदी (ब्रह्मकुमारी) ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती कोटार्य, श्रद्धा दीदी, डॉ विनोद त्रिपाठी, डॉ प्रताप सिंह, सूर्यनिधान पांडेय, मूलचंद्र केसरवानी, रामखेलावन गुप्ता, ब्राह्मनारायण केसरवानी, अशोक कुमार गुप्ता, रामानुज गुप्ता, केसरवानी महिला सभा की अध्यक्ष वंदना केसरवानी, अनुपमा वैश्य, सुधा गुप्ता, वैशाली केसरवानी, श्वेता गुप्ता,साधना केसरवानी, अंजू केसरवानी, राधा, मीनाक्षी केसरवानी, उमा वर्मा, रोहित गुप्ता, विजय बाबू गुप्ता, मीडिया प्रभारी रामजतन बंसल, प्रांजल केसरवानी, सुजीत केसरवानी, अनूप केसरवानी, सभासद दीपक केसरवानी, व्यापार मंडल से अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, महामंत्री पंकज गुप्ता, नितेश केसरवानी, बंटी केसरवानी, धीरज वैश्य, संदीप केसरवानी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# बकरी विवाद : मांडा में दोनों पक्षों पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** इलाकाई थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव में एक बकरी के बच्चे के दरवाजे पर चढ़ जाने को लेकर हुए विवाद में पशुपालक की पिटाई की गई। इस घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस अब कथित तौर पर फर्जी गवाहों के माध्यम से आरोपियों के नाम हटवाने के प्रयासों की जांच कर रही है।

**फर्जी गवाहों की तलाश, इंस्पेक्टर ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया**

घटना के बाद, रात में 100 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर लौट गई। घायल पशुपालक इलाज के लिए शहर चले गए। इसी बीच, उनके विपक्षी ने मांडा थाने में कथित तौर पर फर्जी तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करा दिया।

बाद में, घायल पशुपालक महिला कमली देवी पत्नी धर्मचंद को मांडा पुलिस द्वारा सूचना मिली। वह अपने निजी अस्पताल में चल रहे इलाज के दौरान थाने पहुंची और अपनी आपबीती बताई। कमली देवी की तहरीर पर गांव के ही कांति सोनकर उर्फ नेहा, शैलेंद्र कुमार सोनकर उर्फ सेटठन पुत्र हीरालाल सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दोनों पक्षों द्वारा दर्ज मुकदमों की विवेचना मांडा थाने के एक उपनिरीक्षक द्वारा शुरू की गई है। जांच के दौरान, यह जानकारी सामने आई है कि प्रथम पक्ष के चार आरोपियों पर दर्ज मुकदमे से नाम हटवाने के लिए फर्जी गवाहों की तलाश की जा रही है।

पीड़िता कमली देवी ने यह जानकारी मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा को दी। इंस्पेक्टर वर्मा ने उन्हें आश्वासन दिया कि किसी भी आरोपी का नाम नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गहनता से जांच करवाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी और उन्हें जेल भेजा जाएगा।

इंस्पेक्टर वर्मा ने यह भी बताया कि उन्हें गांव में चल रहे तनावपूर्ण माहौल की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि उपद्रवी, अराजकता फैलाने वाले और अशांति पैदा करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके खिलाफ भी सख्ती से निपटा जाएगा।

# फर्जी कागजात से जमीन बेचने का आरोप, मुकदमा

**मांडा।** फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन बेचने के आरोप में पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। डीसीपी यमुनानगर के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद मुकदमा दर्ज कर मांडा पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरोमनपुर भारतगंज निवासी अब्बास अली ने डीसीपी यमुनानगर व एसडीएम मेजा को तहरीर देकर आरोप लगाया कि मांडा खास स्थित उनकी जमीन है। जमीन पर उनका वैध स्वामित्व और कब्जा है।



इसके बावजूद कुछ लोगों ने मिलकर उक्त भूमि का फर्जी बैनामा तैयार कर उसे बेच दिया। तहरीर में पीड़ित ने आरोपी लगाया है कि भारतगंज निवासी सिराजुद्दीन ने अन्य सहयोगियों अहमदुन, एजाज, बुर्शीद आफताब, आलम सदरे, आलम तौफिक, तसलीम, अंसार अहमद और तसलीम आरिफ के साथ मिलकर कथित रूप से कूटरचित कागजात तैयार कराये। उनका कहना है कि इन व्यक्तियों का जमीन से कोई संबंध नहीं है और न ही कभी उनके नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज रहे हैं। अब्बास अली का यह भी आरोप है कि संबंधित लोग इस तरह के फर्जी बैनामों के जरिए लोगों को ठगने का काम करते हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी।

# नवरात्रि पर फूलपुर में मुस्तैद रही मिशन शक्ति व एंटी रोमियों की टीम

**मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिलाओं को मिला सुरक्षा का भरोसा**

**अखंड भारत संदेश**



फूलपुर में महिलाओ को जागरूक करती मिशन शक्ति की टीम

**फूलपुर।** सरकार व पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत शुक्रवार को फूलपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों में पुलिस विभाग की मिशन शक्ति /एंटी रोमियों की टीम ने महिलाओं एवं बेटियों को महिला अपराधों को लेकर जागरूक किया। बरना स्थिति वरूणेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही फूलपुर कस्बे में पहुचीं मिशन शक्ति की टीम ने महिलाओं को महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, चिकित्सा संबंधी आयुष्मान योजना सामूहिक विवाह योजना, सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। टीम द्वारा 22 बिंदुओं पर केंद्रित सूचना पर गहनता से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे वूमेन पावर हेल्पलाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन शक्ति की टीम ने महिलाओ को साइबर फ्रॉड एवं उनसे बचाव के तरीकों के बारे में बताया और कहा की ऐसी समस्या होने पर तुरन्त 1930 पर घटना की सूचना देनी चाहिए। मौके पर फूलपुर थाने की मिशन शक्ति / एंटी रामियों की टीम के साथ बच्चिया व महिलाए मौजूद रही।

## अज्ञात महिला की ट्रेन से कट कर मौत, पुलिस पहचान करने में जुटी

**नैनी।** नैनी रेलवे स्टेशन व छिवकी रेलवे स्टेशन के बीच में बीती देर रात एक अज्ञात महिला का शव बैजनाथ कंपनी के पीछे रेलवे लाइन पर महिला का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल शुरू की और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार मृत महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष प्रतीत हो रही है। महिला बैगनी रंग का नकाब पहनी हुई थी। उ.प. निरीक्षक योगेंद्र यादव ने बताया कि काफी प्रयास के बावजूद शव की पहचान नहीं हो पाई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसआरएन अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और महिला की पहचान कराने के प्रयास जारी हैं।

# मिशन शक्ति टीम ने सराय ममरेज बाजार में किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सराय ममरेज मिशन शक्ति टीम प्रभारी मिताली सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अमरेंद्र सिंह एवं महिला कांस्टेबल सरोजनी द्वारा शुक्रवार को सराय ममरेज बाजार, थाना सराय ममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज में बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम 1930 आदि की जानकारी दी गयी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे भी बताया गया। साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरुक किया गया।

# प्रयागराज में बाढ़ और जल निकासी सुधार को लेकर नीदरलैंड्स से साझेदारी, नदी आधारित विकास पर जोर

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज ।** शहर में जल निकासी और बाढ़ की पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में प्रशासन ने अहम पहल की है। शहर को ह्यनदी-केंद्रितह्न शहरी मॉडल पर विकसित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय कार्यशाला का समापन शुक्रवार को हुआ। इस कार्यशाला की अध्यक्षता मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने की।

ह्यवॉटर ऐज लीवरेजह्न विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में नीदरलैंड्स के विशेषज्ञों के साथ राष्ट्रीय स्तर के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य जल प्रबंधन की चुनौतियों को विकास के अवसर में बदलना और शहर के लिए दीर्घकालिक समाधान तैयार करना रहा।

**नदी प्रबंधन योजना को जमीन पर उतारने की तैयारी**

कार्यशाला में ह्यअर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लानह्न (वफ्ढ) को लागू करने पर विस्तार से चर्चा की गई। शहर के प्रमुख नालों और आंतरिक जलमार्गों की स्थिति का आकलन करते हुए कालिंदीपुरम नाले को हरित और स्वच्छ कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया।

विशेषज्ञों ने वर्षा जल और सीवेज के लिए अलग-अलग निकासी व्यवस्था विकसित करने की सलाह दी। इस दोहरी प्रणाली से जलभराव की समस्या कम होने के साथ-साथ स्वच्छता में भी सुधार की उम्मीद जताई गई।

**कुंभ 2031 को ध्यान में रखकर यमुना तट का विकास**

आगामी कुंभ मेला 2031 को देखते हुए यमुना तट के विकास का खाका भी प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित योजना में पारिस्थितिक पार्क और प्रदर्शनी घाट विकसित करने की बात कही गई है, जिससे जैव विविधता और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बोट क्लब और मौजूदा घाटों को जोड़कर एक समग्र रिवरफ्रंट तैयार करने पर जोर दिया गया।

### ससुर खदेरी नदी के पुनरुद्धार पर फोकस

बैठक में ससुर खदेरी नदी की वर्तमान स्थिति पर भी चिंता जताई गई। अवैध कब्जों और कचरे के कारण यह नदी संकरी और प्रदूषित हो चुकी है। विशेषज्ञों ने नदी को अतिक्रमण मुक्त करने, जलधारण क्षमता बढ़ाने और इसे शहर के मुख्य ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ने के सुझाव दिए।

### डीपीआर तैयार करने में मिलेगा सहयोग

नीदरलैंड्स की ओर से तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने और दो प्रमुख परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (उ्रफ) तैयार करने में सहयोग की बात कही गई। इसमें गाद प्रबंधन, शहरी ढांचे और अपशिष्ट प्रबंधन जैसी चुनौतियों को ध्यान में रखा जाएगा।

### जल प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका पर भी चर्चा

समापन सत्र में मंडलायुक्त ने कहा कि शहर की प्रमुख समस्याओं की पहचान हो चुकी है और अब उन्हें तय समय सीमा में लागू करना जरूरी है। उन्होंने जल प्रबंधन में नीदरलैंड्स के अनुभव को उपयोगी बताया। नगर आयुक्त साई तेजा ने कहा कि नदियों का पारिस्थितिक संतुलन बहाल करना शहर के भविष्य के लिए आवश्यक है।

विश्व जल दिवस से पहले आयोजित इस कार्यक्रम में ह्यजल और महिला नेतृत्वह्न विषय पर भी विचार-विमर्श हुआ, जिसमें जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में महिलाओं की भागीदारी को अहम बताया गया।

यह कार्यशाला राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश और नीदरलैंड सरकार के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत पड़िला में ग्राम का चौपाल का हुआ आयोजन

ग्रामीणों ने रखी अपनी - अपनी समस्याएँ : मिला जल्द कार्यवाही का आश्वासन

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** खंड विकास अधिकारी सोरांव सुभाषचंद्र यादव के निर्देशन में विकास खंड सोरांव के ग्राम पंचायत पड़िला में नोडल सिंचाई विभाग के एस डी ओ सागर गुप्ता की अगुवाई में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। इस मौके गांव के समस्त ग्रामीण ग्राम पंचायत भवन पहुंचकर अपनी - अपनी समस्याओं को रखा। ग्राम विकास अधिकारी यशवंत सिंह यादव ने बताया कि आज राशन कार्ड से कटे नाम, पात्रों को आवास, पेंशन ना मिलने, मनरेगा जॉब कार्ड, नाली खड़ंजा आदि की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने ग्राम चौपाल में अपनी - अपनी समस्याओं को रखा। ग्राम चौपाल में उपस्थित रहे विभागाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण हेतु आश्वासन दिया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की भी टीम उपस्थित सभी महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधित बातों पर जिक्र करते हुए उन्हें जागरूक किया। एडिओ आई एस बी भूपेंद्र सिंह ने बताया की आज ग्राम चौपाल में विकास सबंधित कई योजनाओं पर चर्चा की गई वहीं ग्रामीणों की आयी शिकायतों को भी संज्ञान लिया गया और उन्हें जल्द जे जल्द उसके निस्तारण की बात कही। इसी मौके पर रोजगार सेवक रेखा मौर्या ने भी अपनी समस्या को व्यक्त करते हुए कहा की साल भर से मानदेय ना मिलने से काफी समस्याएँ हो रहीं है। ग्राम प्रधान पड़िला राम अचल यादव ने ग्रामीणों से अपील किया की ग्राम विकास सम्बंधित व उनके राशन कार्ड से कटे नाम, पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड आदि बिन्दुओं को लेकर कहा की सभी लाभार्थी जल्द से जल्द पंचायत भवन पड़िला में पहुंचकर अपनी समस्या का निराकरण करवाएं। इस मौके पर समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्री, स्वास्थ्य विभाग से ए एन एम नीलम शर्मा, रेखा मौर्या, संगीता, पंचायत सहायक विद्या भारती व मयंक कुमार यादव सहित समस्त ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

## किसान संग्राम यादव का शव घर पहुंचते ही मचा हाहाकार, सांसद प्रवीण पटेल ने दी श्रद्धांजलि



**सहसों।** चकिया घरहरा गांव में शुक्रवार सुबह आकाशीय बिजली गिरने से किसान संग्राम सिंह यादव एवं दो गायों की हुई दुखद मृत्यु से पूरा गांव शोक में डूब गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस असहनीय दुःख की घड़ी में गहरी संवेदना व्यक्त की। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मृतक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में हाहाकार मच गया, सांसद ने श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए कहा कि प्रशासन से समन्वय कर पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। सांसद ने परिजनों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में वे पूरी तरह उनके साथ खड़े हैं। इस मौके पर शोकाकुल परिवार, सगे-संबंधी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिनकी आंखें नम थीं और माहौल गमगीन बना रहा।




## नैनी में अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण और श्रद्धा के साथ अदा किया गया

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शुक्रवार को नैनी स्टेशन रोड स्थित जामा मस्जिद ईदगाह में रमजान माह का अंतिम जुम्मा, अलविदा जुम्मा शांतिपूर्ण और श्रद्धा के साथ अदा किया गया। इस अवसर पर हजारों नमाजियों ने देश की तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगीं। ईदगाह नैनी क्षेत्र का प्रमुख नमाज स्थल है जहां आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचते हैं। अलविदा जुम्मा को लेकर सुबह से ही लोगों का जमावड़ा लगा रहा। वही हाफिज अनस रजा ने बताया कि ईद की नमाज शनिवार को 8.30 बजे होगी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस अवसर पर कारी अयूब अहमद, आलिम साहब, मौलाना आलम साहब, हाफिज मोहम्मद अनस, हाजी हलीम, मोहम्मद इब्राहिम, शानू कुरैशी, मोहम्मद तारीख, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद हासीम, नाजिम खान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रयागराज में हत्या के प्रयास के दो आरोपी अरेस्ट,युवक पर फायरिंग कर घायल करने वाले पुलिस की गिरफ्त में

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुट्ठीगंज पुलिस ने शुक्रवार, 20 मार्च 2026 को अतरसुइया थाना क्षेत्र के ककहरा घाट, मीरापुर से इन्हें घेराबंदी कर पकड़ा। इन पर एक युवक पर फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है।गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान दारागंज निवासी संदीप कनौजिया उर्फ संदीप धोबी (30 वर्ष) और मालवीय नगर निवासी आकाश अरोड़ा उर्फ भोला पंजाबी (23 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

यह मामला मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र का है। मालवीय नगर निवासी सक्षम शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी थी कि नामजद अभियुक्तों ने पुरानी रंजिश के चलते पहले उसके और उसके मित्र के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से अवैध असलहे से उन पर फायर कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घटना की सूचना मिलते ही मुट्ठीगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। डीसीपी और एसीपी के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई थीं।

पुलिस के अनुसार, दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा संख्या 27/2026 के तहत धारा 115(2), 352, 351(3) और 109(1) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

## प्रयागराज में एलकेजी छात्र किडनैपिंग का खुलासा

**रिश्ते का चाचा निकला मास्टरमाइंड, 20 लाख की फिरौती के लिए रची साजिश**

अखंड भारत संदेश




**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अंतर्गत मांडा के सराय कला गांव में सात मार्च की शाम स्कूल से घर लौट रहे एलकेजी के छात्र प्रतीक की किडनैपिंग में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। इस साजिश का सूत्रधार रिश्ते में मासूम का चाचा लगने वाला उज्जवल शर्मा निकला।

उसने गाजीपुर के तीन समेत चार दोस्तों संग मिलकर यह घटना अंजाम दी। मकसद 20 लाख की फिरौती मांगना था लेकिन वह इसमें नाकाम रहे। पुलिस ने मास्टरमाइंड समेत चार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक की तलाश की जा रही है।

**वाराणसी से बरामद हुआ था मासूम बच्चा**

एडिशनल सीपी लॉ एंड ऑर्डर के नेतृत्व में इस पूरे ऑपरेशन को लीड डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव कर रहे थे। मामले में अलग-अलग छह टीमें लगाई गई थीं। इन टीमों ने बच्चे को दूसरे दिन ही वाराणसी के एक गेस्ट हाउस से सकुशल बरामद किया था, जहां किडनैपर उसे छोड़कर भाग निकले थे।

बच्चे से पूछताछ में पता चला कि वह नागू और बनारसी मामा के साथ था, जिस पर बच्चे के ननिहाल पक्ष के दो युवकों को उठाया गया। गहन पूछताछ के बाद भी उनका कोई रोल इस घटना में सामने नहीं आया। इसके बाद अन्य बिंदुओं पर पड़ताल शुरू की गई।

**मोबाइल नंबर से जुड़ी कड़ी से कड़ी**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस वक्त बच्चे का अपहरण हुआ, उसके इर्द-गिर्द एक मोबाइल नंबर उसके घर के आसपास एक्टिव पाया गया। डिटेल निकलवाने पर पता चला कि यह राजकुमार पांडेय का है जो पड़ोस के गांव नीबी भटान का रहने वाला है। पुलिस ने उसे उठाया और पूछताछ की तो वह घटना की जानकारी से ही इंकार करता रहा।

हालांकि जब उसकी सीडीआर निकाली गई तो इसमें बच्चे के पिता के सगे चाचा के बेटे उज्जवल शर्मा का नंबर मिला। उज्जवल के बारे में पहले ही मैनुअल इनपुट था कि उसकी आम शोहरत ठीक नहीं है। जब उज्जवल से पूछताछ की गई और उसकी सीडीआर निकाली गई तो गाजीपुर के आशुतोष उर्फ हिमांशु, प्रशांत राय ओर नितिन का नाम सामने आया। आशुतोष उसका मौसेरा भाई भी है।

पूछताछ में जो तथ्य सामने आए, उसके आधार पर आशुतोष, नितिन को भी उठाया गया। चारों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की गई तो पता चला कि यह साजिश 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने के लिए उज्जवल ने रची। उसने अपने मौसेरे भाई के साथ मिलकर प्लान बनाया और इसके बाद अन्य तीन लोगों को भी शामिल कर लिया।

**कैसे दिया वारदात को अंजाम**

उज्जवल ने बताया, तय प्लानिंग के मुताबिक जिस अल्टो में किडनैपिंग की गई, उसे राजकुमार चला रहा था जबकि आशुतोष ने बच्चे को उठाकर कार में खींचा था। दोनों बच्चे को लेकर कार से टेला घाट पीपा पुल से होते हुए भदोही और फिर चंदौली बॉर्डर पर पहुंचे।

यहां प्रशांत अपनी होंडा अमेज कार लेकर नितिन के साथ आया और फिर आशुतोष भी बच्चे को साथ लेकर उनके साथ हो गया। जबकि अल्टो लेकर राजकुमार मांडा के महेवाघाट गया और सुनसान जगह पर कार छोड़कर वापस चला आया।इसलिए बदलना पड़ा प्लान

इसके बाद आशुतोष व अन्य दोनों बच्चे को लेकर वाराणसी में अपने ससुर के पुराने बंद पड़े मकान पर पहुंचा और बच्चे को वहीं पर रखे रहा। उज्जवल ने पूछताछ में बताया कि वह गांव में ही मौजूद रहकर पुलिस और घरवालों की सारी एक्टिविटी पर नजर बनाए रहा।

रात में ही उसने देखा कि मौके पर पुलिस कमिश्नर समेत तमाम आलाधिकारी पहुंच गए हैं और पुलिस सरगर्मी से किडनैपरों की तलाश कर रही है तो उसने प्लान बदल दिया। इसके बाद उसके कहने पर ही आशुतोष, प्रशांत व नितिन बच्चे को गेस्ट हाउस के पास छोड़कर भाग निकले। उसने ही तीनों से कहा था कि वह बच्चे को डरा धमकाकर यह रटा दें कि वह नागू व बनारसी मामा के साथ था, जिस पर बच्चे ने यही जवाब दिया।

डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि साजिशकर्ता समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रशांत की तलाश की जा रही है। चारों को जेल भेज दिया गया है।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी




**अब सिलसिलेवार पढ़िए पूरी घटना... घर से स्कूल 15 किमी दूर**

घटना शनिवार शाम चार बजे के करीब मांडा के सराय कला गांव में हुई। गांव के ओम प्रकाश शर्मा मुंबई में रहकर सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। गांव में उनकी पत्नी, दो बच्चों के अलावा उनके पिता नागेश्वर रहते हैं। ओम प्रकाश के दो बच्चों में 6 साल का प्रतीक बड़ा है। उससे छोटी एक बेटी है, जो तीन साल की है। प्रतीक मेजा के रामनगर में सोनार का तारा स्थित स्कूल में एलकेजी में पढ़ता है। स्कूल घर से करीब 15 किमी दूर है और वह वैन से आता जाता है। वैन घर से करीब 150 मीटर दूर उतार देती है और वहां से उसे उसके दादा लाते और ले जाते हैं।

**सफेद रंग की ऑल्टो कार से आए बदमाश**

दादा नागेश्वर ने बताया- रोज शाम चार बजे के करीब प्रतीक स्कूल से घर लौटता है। शनिवार शाम भी इसी वक्त मैं उसे लेने जा रहा था। जिस पॉइंट पर स्कूल वैन प्रतीक को उतारती है, उससे करीब 20 कदम की दूरी पर था। तभी सफेद रंग की ऑल्टो कार आकर रुकी। उसमें दो लोग बैठे थे। एक कार से बाहर आकर मुझसे रास्ता पूछने लगा। इतने में ही वैन आ गई।

उन्होंने बताया, जैसे ही प्रतीक वैन से उतरा, मुझसे रास्ता पूछ रहा व्यक्ति तेजी से बच्चे की ओर दौड़ा। मैं कुछ समझ पाता, तब तक उसके साथी ने कार आगे बढ़ा दी और अगले ही पल प्रतीक को कार में खींचकर अपने साथी के साथ भाग निकला। मैं पीछे दौड़ा, लेकिन कार तक पहुंच नहीं पाया।

**दादा बोले- कार का नंबर नहीं देख पाया**



दिनदहाड़े हुई इस वारदात की सूचना पर पुलिस पहुंची। दादा ने पूछताछ में बताया कि सबकुछ इतना तेजी से हुआ कि वह कार का नंबर नहीं देख पाए। दोनों बदमाशों को उन्होंने पहले कभी नहीं देखा है।

पुलिस ने गांववालों से पूछताछ की तो पता चला कि कार औंता गांव की ओर गई है। पुलिस ने आसपास के सभी रास्तों पर नाकेबंदी कराई, लेकिन अभी तक किडनैपर्स और बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## प्रयागराज में मिशन शक्ति फेज-5 का दूसरा चरण : नारी सुरक्षा और स्वावलंबन पर जोर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त, नोडल अधिकारी (मिशन शक्ति), पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, नगर, गंगानगर और यमुनानगर सहित सभी एसीपी और प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। अभियान के अंतर्गत नगर, गंगानगर और यमुनानगर जोन में एंटी-रोमियो स्क्वॉड, महिला बीट पुलिस और मिशन शक्ति टीमों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

नगर जोन में कोतवाली क्षेत्र के चौराहों और बाजारों, बालसन चौराहा, जॉर्ज टाउन स्थित संगम पेट्रोल पंप, मस्तान मार्केट और करेली क्षेत्र के बैरियर तिराहे पर विशेष अभियान चलाया गया। गंगानगर जोन में फूलपुर कस्बा, सरायइनायत, मऊआइमा, फाफामऊ, उतराव, थरवई और सोरांव क्षेत्रों के गांवों व बाजारों में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

वहीं यमुनानगर जोन में मेजा खास, औद्योगिक क्षेत्र, नैनी का छिवकी रेलवे स्टेशन, घूरपुर बाजार, लालापुर और बारा क्षेत्र के गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान एंटी-रोमियो स्क्वॉड और महिला बीट पुलिसकर्मियों ने स्कूल, कॉलेज और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, एम्बुलेंस सेवा 102 व 108 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

कार्यक्रमों में गुड टच और बैड टच, महिला सुरक्षा और अपराधों की रोकथाम से जुड़े कानूनों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा महिलाओं को केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं–मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना–के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हर प्रकार की सहायता के लिए जागरूक करना है, ताकि वे सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत चला जागरूकता अभियान

**बिना भय के निकल रहीं बेटियां : हो रहीं जागरूक**

अखंड भारत संदेश



**थरवई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा। जहां आज बेटियां निडरता के साथ घर निकल रही हैं। यह जागरूकता अभियान से महिलाओं व बेटियों में बढ़ रहा आत्म विश्वास अब बिना भय के निकल रही हैं घर बाहर और शिक्षा की ओर हो रही हैं अग्रसर। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई अरुण पाराशर के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई संतोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना थरवई मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी आकांक्षा द्विवेदी व टीम द्वारा पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला में पर जाकर महिलाओं व बेटियों को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत उन्हें जागरूक किया और उनके अधिकार व सम्मान को लेकर उनकी सहायता व मदद के लिए दिए गए हेल्प लाइन नंबरों जिनमें वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, पुलिस आपात कालीन डायल 112, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 , आदि नंबरों के बारे में उन्हें बताया गया जरुरत पड़ने पर दिए गए नंबरों का प्रयोग करने की बात कही। एस आई आकांक्षा यादव ने बताया की अगर रास्ते में अथवा अन्य कहीं भी कोई शोहदा आपको परेशान करे तो ऐसे में आप बिल्कुल भी घबरायें नहीं दिए गए हेल्प लाइन नंबरों का प्रयोग करें और कुछ ही समय में आपको सहायता प्राप्त होगी और उस मनचले के खिलाफ कार्यवाही भी होगी। उसी क्रम में एस आई खुशबू पाण्डेय ने बताया की इस मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य है बेटियों को जागरूक और सशक्त बनाना। और साइबर हेल्प लाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया। एस आई दीप्ती मिश्रा ने भी मिशन शक्ति अभियान को लेकर उन्हें महिलाओं व बेटियों को जागरूक किया।

# शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर जताया आक्रोश, सीओ ने कार्रवाई का दिया भरोसा

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** स्कूल में परीक्षा के दौरान आरोपियों द्वारा प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों के साथ अभद्र आचरण व विद्यालय में हंगामा मचाने को लेकर शुक्रवार को शिक्षकों में आक्रोश पनप उठा। नाराज शिक्षको ने तहरीर के बावजूद पुलिस कार्रवाई न होने पर सीओ से मिलकर गुस्से का इजहार किया। लालगंज कोतवाली के कंपोजिट विद्यालय पूरे केवल में बीती सोलह मार्च को सुबह दस बजे गांव के ही तीन आरोपियों ने विद्यालय के अंदर घुसकर रंजिश प्रधानाध्यापक जीतलाल यादव से अभद्रता करने लगे। आरोपियो द्वारा गालीगलौज से प्रधानाध्यापक ने मना किया तो आरोप है कि दबंगो ने सरकारी अभिलेखों को इधर उधर फेंक दिया। वही उपस्थिति पंजिका को जबरिया फाड़कर नष्ट कर दिया। हंगामे के दौरान विद्यालय में तैनात शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय एवं मंजीत कुमार ने आरोपियो को समझाना बुझाना चाहा तब उनसे साथ भी अभद्रता की गयी। प्रधानाध्यापक जीतलाल यादव ने पुलिस को घटना के बाबत तहरीर सौंपी। तहरीर सौंपने के बाद जांच के नाम पर पुलिस ने कार्रवाई नही की। इस पर प्राथमिक शिक्षक संघ लालगंज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सीओ से मिलकर आक्रोश जताया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इस समय विद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में यह घटना भय का माहौल बना गयी है। सीओ आशुतोष मिश्र ने शिक्षकों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। इस मौके पर प्राशिसं के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, मंत्री विष्णु कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हिमांशु ओझा, प्रदीप कुमार पाण्डेय, अजय मिश्र, अमित पाण्डेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप, पांच पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** सुल्तानपुर जनपद के शिवगढ़ थाना क्षेत्र से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता ने अपने ससुर पर अश्लील हरकत और छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर कंधई थाना पुलिस ने पति सहित पांच ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और छेड़छाड़ की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नेवा दानूपुर गांव निवासी राजाराम मौर्य ने अपनी बेटी की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व कंधई थाना क्षेत्र के बोझी गांव निवासी महेंद्र मौर्य के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में दो लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित किया जाता रहा। इस दौरान कई बार पंचायत के माध्यम से मामला शांत भी कराया गया। पीड़िता के मुताबिक, कुछ वर्षों पहले उसने अपने जेवरात लेकर और मायके वालों की मदद से अलग मकान बनवाकर अपने दो बेटों के साथ रहना शुरू कर दिया था। आरोप है कि बीते वर्ष सितंबर में जब वह घर में अकेली थी, तभी उसके ससुर ने उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना की सूचना पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में भर्ती कराया। इलाज के बाद जब वह वापस ससुराल पहुंची तो आरोप है कि पति व अन्य ससुरालीजनों ने फिर मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। बुधवार को पीड़िता अनीता मौर्य की तहरीर पर कंधई पुलिस ने पति महेंद्र मौर्य, ससुर लल्लन मौर्य, देवर अरविंद मौर्य, ननद कुसुम मौर्य और सरिता मौर्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष आदित्य सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### ई-लॉटरी से शराब दुकानों का पारदर्शी आवंटन, 8 दुकानों के लिए चयन प्रक्रिया सम्पन्न



**प्रतापगढ़।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अवशेष शराब दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया का सफल आयोजन किया गया। नवीनीकरण चरण के बाद शेष रह गई कुल 8 दुकानों जिसमें 5 देशी मदिरा, 1 मॉडल शॉप और 2 कम्पोजिट शॉप शामिल हैं का आवंटन आबकारी नीति 2026-27 के प्रावधानों के अंतर्गत ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से जिलाधिकारी/लाइसेंस अधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एन.आई.सी. सभागार में अपरान्ह 3:00 बजे से 4:30 बजे के बीच सम्पन्न हुई। ई-लॉटरी में चयनित आवंटियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपना आवंटन आदेश ई-लॉटरी पोर्टल के माध्यम से जारी होने के पश्चात जिला आबकारी अधिकारी प्रतापगढ़ कार्यालय से प्राप्त करें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर नाथ सिंह सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रमोद व मोना ने ईद पर सौंपी मुबारकबाद

**प्रतापगढ़।** ईद के त्यौहार पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मुल्क के साथ दुनिया में अमन व चैन की मजबूती की दुआ की है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा है कि रमजान के मुकददस महीने के बाद ईद उल फितर का यह त्यौहार खुशियों के बीच देश की कौमी एकता की हिफाजत की हमें सीख दिया करता है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने लोगों से तरक्की तथा खुशिहाली के लिए मिलजुलकर आगे बढ़ने पर भी जोर दिया है। नेताद्वय का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

### पुश्तैनी छप्पर तोड़ने का विरोध करने पर महिला से मारपीट

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत लबेदा गांव में पुश्तैनी संपत्ति को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। गांव की निवासी सुशीला निषाद ने शुक्रवार देर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों ने उसके पुश्तैनी छप्पर को तोड़-फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ, लेकिन आरोपित मौके से फरार हो गए। सुशीला निषाद ने बताया कि इस घटना से उसे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक आघात भी पहुंचा है। उसने पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों में भी आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़िता का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वह उच्च अधिकारियों से भी शिकायत करेगी। इस संबंध में कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि पीड़िता का प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## पति की पिटाई से पत्नी व सास घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर किठौली गांव में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां पति द्वारा की गई मारपीट में पत्नी और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मामले को लेकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। जानकारी के अनुसार क्रांति पत्नी अतुल सरोज ने शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। आरोप है कि बृहस्पतिवार देर रात भी पति ने उसे बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां पूनम देवी को भी आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया।घटना में दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों द्वारा उनका उपचार कराया जा रहा है।इस संबंध में चैकी प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## उत्सव मौर्य का नवोदय में चयन होने पर किया सम्मानित




**प्रतापगढ़।** इलाके के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज गड़वारा के मेधावी छात्र उत्सव मौर्य का नवोदय विद्यालय कक्षा 6 में चयन हुआ है। शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र उत्सव मौर्य और शिवराजपुर डिहवा निवासी उनके पिता दिनेश प्रताप मौर्य को विद्यालय के कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार वैश्य व प्रधानाचार्य शेषमणि तिवारी ने माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता उसकी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। उत्सव भविष्य में निरंतर प्रगति करते हुए अपने माता-पिता, विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर पारसनाथ पाण्डेय, संजीव, हरिशंकर मौर्य, विपिन मिश्र, सन्तोष सिंह, रिचा सिंह, छाया पाण्डेय, ओमप्रकाश यादव, अजय कुमार, राजेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

## केबल काटने का विरोध करने पर पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बरहूपुर गांव में विद्युत केबल काटने का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि विरोध करने पर दबंगों ने दिव्यांग युवक व उसकी भाभी की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

बरहूपुर गांव निवासी शाहिद अंसारी ने शुक्रवार को करीब 3 बजे पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका छोटा भाई विद्युत केबल काट रहा था। इसी बात का विरोध करने पर गांव के ही कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने शाहिद अंसारी और उसकी भाभी सैयदा बानो को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर ले जाया गया।इस संबंध में उप निरीक्षक अतर सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कंजा बाजार-पहलमापुर संपर्क मार्ग बदहाल, राहगीर परेशान



**पट्टी।** कंजा बाजार से पहलमापुर को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। सड़क जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिस पर आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों के लिए खतरा और भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं। खासकर बाइक सवार और साइकिल सवार इस मार्ग पर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। बारिश के बाद स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे लोगों में डर का माहौल बना रहता है। स्थानीय ग्रामीण राम अचल, लल्ला, जितेंद्र कुमार, श्याम, रामखेलावन, पंचू व रामजतन सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए मांग की है कि जर्जर सड़क की जल्द मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि सड़क दुरुस्त होने से न केवल हादसों पर लगाम लगेगी, बल्कि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा भी मिल सकेगी।

## भगवान शिव की आराधना का फल सदैव कल्याणकारी : सम्पूर्णानंद



**प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ रोड पर श्री शिवमहापुराण कथा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। हर हर महादेव के शंखनाद के बीच कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया। कलश यात्रा घुइसरनाथ रोड से चैक होते हुए नगर के हरिहरमंदिरम पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालु जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे। कथाव्यास प्रयागराज के स्वामी सम्पूणार्नंद महराज की अगुवाई में कलश यात्रा में भगवान की भव्य झांकी भी श्रद्धालुओ के लिए आकर्षण का केंद्र दिखी। नगर के व्यापारियों ने कलश यात्रा पर जगह जगह पुष्पवर्षा भी की। कथा का शुभारंभ करते हुए स्वामी सम्पूणार्नंद जी महराज ने कहा कि भगवान शिव की आराधना का फल सर्वत्र कल्याण का फल है। उन्होने कहा कि शिव नाम का जप समस्त रोगों से मुक्ति प्रदान करते हुए जीवन को विषमुक्त बना दिया करता है। संयोजक रामलखन जायसवाल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चैहान ने किया। सह संयोजिका मीरा जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, कैलाशनाथ जायसवाल, विजयनाथ व दीपक ने कथावाचक सम्पूणार्नंद जी का अभिषेक किया। इस मौके पर रामप्रकाश जायसवाल, आदर्श मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ध्रुव नारायण मिश्र, छोटेलाल सरोज, मोती लाल जायसवाल, ओंकारनाथ वैश्य, निरंजन प्रकाश तिवारी, रामजी जायसवाल, प्रतिभा, पूनम, सोनी, रागिनी आदि रहे।

## ईद पर विभिन्न जलसों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज ईद पर रामपुरखास में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह प्रातः पौने सात बजे अझारा तथा इसके बाद खालसा सादात एवं खानापटटी में ईद पर लोगों से मुलाकात करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी प्रातः सवा नौ बजे शुकुलपुर में ईद मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह सांगीपुर, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, रेहुआ लालगंज में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद प्रमोद तिवारी सायं साढ़े चार बजे धारूपुर तथा साढ़े पांच बजे रामपुर बावली में ईद मिलन समारोह में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## गरुड़ वाहिनी दस्ता का शुभारंभ कानून-व्यवस्था होगी और मजबूत



**प्रतापगढ़।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय परिसर से ह्लगरुड़ वाहिनी दस्ताह्व को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल, प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गरुड़ वाहिनी दस्ता विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों एवं प्रमुख आयोजनों में प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से गठित किया गया है। यह दस्ता आधुनिक संसाधनों एवं विशेष प्रशिक्षण से लैस है, जो किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र कार्रवाई करने में सक्षम रहेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से जनपद में अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलेगी, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी तथा आमजन में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। आगामी त्योहारों एवं विशेष आयोजनों के दौरान भी यह दस्ता कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दस्ता पूरी तत्परता, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, ताकि आमजन को सुरक्षित और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज

**प्रतापगढ़।** ईद के एक दिन पहले शुक्रवार को इलाके में अकीदमंदो ने अलविदा की नमाज अता की। लालगंज कोतवाली के अलावा लीलापुर, सांगीपुर व उदयपुर थाना क्षेत्रों में भी अलविदा की नमाज पर मस्जिदों के पास पुलिस की सतर्क निगरानी देखी गयी। वहीं शंतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज सम्पन्न होने को लेकर प्रशासन को राहत में देखा गया। लालगंज कस्बे में बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के साथ ही खालसा सादात, खानापटटी, सांगीपुर, कुम्भीआइमा, पिंजरी, शुकुलपुर, जलेशरगंज, रानीगंज कैथौला, तेजगढ़, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर, लीलापुर आदि मस्जिदों में बड़ी तादात में जुटे अकीदतमंद अलविदा की नमाज में शामिल हुए। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

## मौसम ने बदली करवट, तेज हवाओं व बूंदाबांदी से किसानों की बढ़ी चिंता

**पट्टी।** तहसील इलाके में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवा के झोंकों के साथ रुक-रुक कर बूंदाबांदी होती रही। इस बदलाव से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। तेज हवाओं के चलते सड़कों पर आवागमन प्रभावित रहा और कई स्थानों पर हल्की बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले 24 घंटों तक बादल छाए रहने, हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए किसानों को फसलों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की सलाह दी है। जिले के ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं और बूंदाबांदी का असर खेतों में साफ दिखाई दे रहा है। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार है, जबकि सरसों कटाई के कगार पर है। ऐसे में तेज हवाओं के चलते कई खेतों में गेहूं की फसल जमीन पर झुक गई है, जिससे दानों के खराब होने और उत्पादन घटने का खतरा बढ़ गया है। वहीं सरसों की फलियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा इलाके के किसान शेषनाथ, शिव शंकर, शैलेंद्र और देवेंद्र ने बताया कि अचानक हुई बेमौसम बारिश और तेज हवाओं से फसल गिरने लगी है, जिससे भारी नुकसान की आशंका है। किसानों का कहना है कि पहले ही खेती की लागत बढ़ चुकी है, ऐसे में यदि फसल खराब हुई तो आर्थिक संकट और गहरा जाएगा। किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें राहत मिल सके। मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव ने एक बार फिर किसानों की मेहनत और उम्मीदों पर अनिश्चितता के बादल खड़े कर दिए हैं।

## स्वरोजगार हेतु एक दिवसीय अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग एस0एस0 रावत ने बताया है कि 23 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रतापगढ़ में उद्यमिता विकास एवं कौशल विकास तथा अनुसूचित जातिध्जनजाति वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार हेतु सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। इच्छुक शिक्षित बेरोजगार जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य हो इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रतापगढ़ से सम्पर्क कर सकते हैं।

## तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** नायब तहसीलदार सदर चंदन लाल की अध्यक्षता में विशेष संचारीध्दस्तक रोग नियंत्रण अभियान की तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नायब तहसीलदार ने तीन ब्लाक के कर्मचारियों सदर, सण्डवा चन्द्रिका, मांधाता एवं सभी टाउन एरिया के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय से प्रशिक्षण, कार्य योजना तथा अन्य व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए ताकि अभियान में गुणवत्ता बनी रहे । बैठक के दौरान डॉक्टर डीके सरोज प्रभावी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखपाल नगर सदर द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, साथ ही विभिन्न विभागों के कार्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी प्रदान की। धर्मेंद्र ओझा अभियान को सफल बनाने मे सभी का सहयोग लेकर सभी को जागरूक किया जाए जानकारी ही बचाव है , संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा। इसके पश्चात 10 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक दस्तक अभियान भी चलेगा। बैठक में विकासखंड सदर, सड़वा चंडिका, मांधाता एवं टाउन एरिया के अधिकारी द्वारा अपने तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास ,पंचायती राज विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । बैठक का संचालन आरके सिंह ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक सदर द्वारा किया गया।

## सड़क हादसे में तीन घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बरहुपुर निवासी देवर-भाभी बाइक से चांदा जा रहे थे कि मुजाही बाजार के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। बताया जाता है कि सोनू (15) व पूजा (35) पत्नी राहुल दवा लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गैस सिलेंडर डिलीवरी कर रहे युवक से टकरा गई, जिससे तीनों लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 112 मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मी प्रमोद सिंह व पूनम चैहान ने सभी घायलों को तत्काल वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। गैस डिलीवरी बॉय धर्मेंद्र विश्वकर्मा निवासी कंजा सराय भी हादसे में घायल हो गया। दुर्घटना में महिला समेत तीनों को चोटें आई हैं।इस संबंध में डॉक्टर नीरज सिंह ने बताया कि सभी घायलों का उपचार सीएचसी में चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है।

## बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति फेज-05 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद में बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना लालगंज क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लालगंज में ह्यपुलिस की पाठशालाह्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन क्षेत्राधिकारी लालगंज आशुतोष मिश्रा ने मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उ0नि0 दीपिका व टीम के साथ किया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कानून की जानकारी और उसका पालन ही सुरक्षित व सशक्त समाज की नींव है। उन्होंने बालिकाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं और महिला सशक्तिकरण अभियानों की जानकारी दी गई। साथ ही आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबरकृ1090, 181, 1076, 112, 1098, 102, 108 और 1930 के बारे में भी अवगत कराया गया।इसके अलावा नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि इनका उद्देश्य न्याय व्यवस्था को सरल, प्रभावी और पारदर्शी बनाना है, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और हर संभव सहायता व सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। ह्यपुलिस की पाठशालाह्न का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ाना तथा बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है।

# सड़क चौड़ीकरण में तोड़े जा रहे मकान के मलबे में दबा मजदूर मौत

## मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं

अखंड भारत संदेश

**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** एयरपोर्ट सड़क के चौड़ीकरण में तोड़े जा रहे मकान के मलवा में दबकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे इलाज के लिए मकान मालिक और उसके परिवार के लोग अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज से कौशांबी तक बनाए जा रहे एअरपोर्ट मार्ग के चौड़ीकरण में तिल्हापुर निवासी धर्मदास केसरवानी के मकान को भी तोड़ने का निर्देश अधिकारियों ने दिया सड़क चौड़ीकरण में मकान तोड़ने के निर्देश के बाद धर्मदास केसरवानी ने अपने मकान को तोड़ने के लिए जेसीबी मशीन सहित मजदूर दुर्गा प्रसाद उर्फ कल्लू सहित तमाम मजदूर को लगाया था जेसीबी मशीन से मकान तोड़ा जा रहा था इस मकान का टूटा हुआ मलवा दुर्गा प्रसाद उर्फ कल्लू के ऊपर गिर गया जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर कोहराम मच गया आनन फानन में घायल मजदूर को इलाज के लिए आदित्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया



गया लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे इलाहाबाद के लिए रेफर कर दिया मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि मजदूर जेसीबी मशीन का चालक था।

### मजदूर की मौत के बाद भी नहीं बंद हुआ मकान तोड़ना

**कौशांबी।** तिल्हापुर मोड़ में सड़क चौड़ीकरण में मकान तोड़े जाने के दौरान मजदूर की मौत हो जाने के बाद भी अन्य मकानों को तोड़ने का सिलसिला नहीं बंद हुआ बताया जाता है कि अधिकारियों द्वारा मकान तोड़ने के लिए बुलडोजर बुलाया गया था और अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर से मकान तोड़ा जा रहा था इसी दौरान एक मजदूर घायल हो गया है जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है संवेदनहीनता का हाल यह था कि मजदूर की मौत के बाद उसके परिवार को सांत्वना देना राहत और मुआवजा देकर परिवार के दुख की घड़ी में शामिल होने के बजाय मकान तुड़वाने में अधिक अधिकारियों की दिलचस्पी दिखाई पड़ी है जिससे मानव जीवन का महत्व इन अधिकारियों की नजर में खत्म हो गया है एक तरफ परिवार के लोग रोते बिलखते रहे और दूसरी तरफ संवेदन हीन अधिकारी मकान तोड़ने में मस्त दिखाई पड़े हैं।




## घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी कालाबाजारी और अवैध बिक्री रोकने के लिए टीम ने की छापेमारी

### दुकानदारों को कोयला भट्टी के उपयोग के लिए किया प्रेरित

**कौशाम्बी।** जिलापूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति विभाग की टीम ने शुक्रवार को चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज बाजार सहित कई बाजारों में घरेलू गैस सिलेंडर की जमाखोरी कालाबाजारी और अवैध बिक्री रोकने के लिए छापेमारी की है,टीम ने दुकानदारों को कोयला भट्ठी के उपयोग के लिए प्रेरित किया।इसी क्रम में शुक्रवार को सप्लाई इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने टीम के साथ चायल क्षेत्र के बेरुवा में छापेमारी की। टीम ने गैस चूल्हे की दुकानों,मिठाई की दुकानों और ठेले-पटरी पर दुकान लगाने वाले एक दर्जन से अधिक स्ट्रीट वेंडरों के दुकानों की जांच टीम के अधिकारियों ने बताया कि जांच की।जांच के दौरान टीम को सभी जगह स्थिति सामान्य मिली और कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई।टीम ने चाय नाश्ते के ठेले वाले दुकानदारों के यहां कोयला भट्ठी के प्रयोग किए जाने पर प्रसन्नता जताई और अन्य लोगों को भी कोयला भट्ठी के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र निर्माण श्रमिक करें आवेदन

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कमर्कार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत प्रयागराज मण्डल के अन्तर्गत पात्र निर्माण श्रमिकों के पुत्रियों/पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों के स्वयं के विवाह के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन जनपद फतेहपुर के खागा तहसील में दिनांक-27.04.2026 को होना प्रस्तावित है। यह जानकारी श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव ने देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह के लिए श्रमिक द्वारा पंजीयन के उपरांत कम से कम 01 वर्ष (365 दिन) की बोर्ड की सदस्यता पूर्ण की जा चुकी हो। श्रमिक द्वारा अपनी दो पुत्रियों से अधिक का हितलाभ न लिया जा रहा हो। पंजीकृत श्रमिक द्वारा राज्य अथवा केन्द्र सरकार के अधीन संचालित समान प्रकार की योजना का हितलाभ न लिया गया हो। पंजीकृत निर्माण श्रमिक द्वारा निर्माण भवन एवं अन्य सन्निर्माण प्रक्रियाओं में पिछले 365 दिनों में कम से कम 90 दिन का कार्य किया गया हो।श्रमिक का पंजीयन नियमानुसार नवीनीकृत हो।श्रमिक द्वारा जिस पुत्री के विवाह का हितलाभ लिया जा रहा है उस पुत्री का विवाह पूर्व में न हुआ हो। प्रश्नगत पुत्री तथा प्रस्तावित वर द्वारा क्रमशः 18 वर्ष एवं 21 वर्ष (आयु जैसा समय समय पर सरकार द्वारा निर्धारित किया जायेगा से कम आयु नहीं होनी चाहिए। निर्धारित आयु पूर्ण करने के पश्चात उक्त योजना का हितलाभ अनुमन्य होगा। संबंधित पुत्री एवं वर की आयु के सम्बन्ध में जन्म प्रमाण पत्र स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट परिवार रजिस्टर की स्वप्रमाणित प्रति। विवाह कार्ड स्थानीय ग्राम प्रधान / तहसीलदार सभासद पार्षद द्वारा प्रमाणित एवं सत्यापित हो। इस योजना के अन्तर्गत समस्त अहर्ताओं को पूर्ण करने की स्थिति में कन्या विवाह हेतु रू. 85000/- की धनराशि बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की जायेगी तथा सामूहिक विवाह आयोजन में होने वाले व्यय के रूप में.15000/-प्रति जोड़े की दर से भुगतान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कमर्कार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजनकर्ता को किया जायेगा।

# जामा मस्जिद में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

## मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ,पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जुम्मे की नमाज के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी संख्या में लोगों ने जुम्मे की नमाज अदा की है जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित ऐतिहासिक जामा मस्जिद में शुक्रवार को इबादत का खास मंजर देखने को मिला। नमाज के मुकर्रर वक्त से पहले ही बड़ी तादाद में अकीदतमंदों का मस्जिद पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। देखते ही देखते मस्जिद का सहन नमाजियों से पूरी तरह भर गया। मस्जिद के इमाम ने खुतबा पेश करते हुए दीन की राह पर चलने और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। जैसे ही अल्लाह-हु-अकबर की सदा गूंजी, हजारों अकीदतमंदों ने एक साथ खुदा की बारगाह में सजदा किया।नमाज के दौरान अनुशासन और सादगी की मिसाल देखने को मिली, जहां अमीर-गरीब और छोटे-बड़े का फर्क मिटाकर सब एक ही सफ (लाइन) में नजर आए। नमाज मुकम्मल होने के बाद इमाम साहब ने मुल्क की तरक्की,कौम की खुशहाली और आपसी मोहब्बत को बनाए रखने के लिए खास दुआ मांगी। इस दौरान कई अकीदतमंदों की आंखें नम दिखीं। मस्जिद परिसर के बाहर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम रहे, ताकि नमाजियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।नमाज के बाद अकीदतमंदों ने एक-दूसरे से गले मिलकर और हाथ मिलाकर मुबारकबाद दी। मस्जिद के आसपास के बाजारों में भी खासी रौनक रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि जामा मस्जिद में नमाज अदा करना न केवल इबादत है, बल्कि यह एकता और सौहार्द का प्रतीक भी है।इस दौरान कौशाम्बी में अलविदा जुम्मा की नमाज सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था कर रखी थी,एसपी, एएसपी सहित सभी पुलिस कमी लगातार भ्रमण करते रहे।

## न्यूज झरोखा

### अलविदा जुम्मा की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे अधिकारी



**कौशांबी।** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुम्मा की नमाज के अवसर पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। नमाज के दौरान पूरे जिले में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया था जो चप्पे चप्पे पर नजर बनाए हुए था पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लगातार जायजा लिया गया। इस दौरान मस्जिदों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष निगरानी रखी गई अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए, ताकि नमाज के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। पुलिस की सक्रियता के चलते पूरे जिले में जुम्मे की नमाज सकुशल तरीके से संपन्न हो गई है।

### रमजान के महीने के जुमे की अलविदा की नमाज को लेकर संदीपन घाट थाना पुलिस विभिन्न गांवों में रही मौजूद



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों महंगाव, बसेड़ी, आलमचंद, कशिया पूर्व, पट्टी परवेजा बाद बड़ेगाव सहित अन्य जगहों पर संदीपन घाट थाना अध्यक्ष के साथ भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से अलविदा जुमा की नमाज सम्पन्न करायी गयी जिसमें मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव लेते रहे जुम्मा की नमाज के दौरान अपने समस्त हमराहियों के साथ थाना अध्यक्ष मौके पर मौजूद रहे शांतिपूर्ण तरीके से जुम्मा की नमाज पुलिस ने संपन्न कराई है पुलिस फोर्स ने क्षेत्र का भ्रमण कर शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अलविदा को सम्पन्न कराया और सभी नमाजियों से मिल कर ईद उल फितर के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को कहा इस मौके पर महंगाव चौकी प्रभारी अजीत कुमार सिंह व हर्रायपुर चौकी प्रभारी विपिन कुमार यादव आदि पुलिस बल मौजूद रहे।

### जुमे की अलविदा नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन रहा सख्त, मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहे की मस्जिद व राला बघेला पुर सहित अन्य जगहों पर शांतिपूर्ण तरीके से अलविदा जुमा की नमाज सम्पन्न करायी गयी जिसमें मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने कौशाम्बी अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह व एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य जुम्मा की नमाज के दौरान अपने समस्त हमराहियों के साथ मौजूद है शांतिपूर्ण तरीके से जुम्मा की नमाज पुलिस ने संपन्न कराई है पुलिस फोर्स ने क्षेत्र का भ्रमण कर शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अलविदा को सम्पन्न कराया और सभी नमाजियों से मिल कर ईद उल फितर के त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को कहा और चैत्र नवरात्रि के पर्व को लेकर भी उन्होंने कहा कि सभी लोग आपसी भाई चारे के साथ त्योहार को मनाए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का छाठवां दिन स्वच्छता के लिए रहा समर्पित




**कौशांबी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर प्राथमिक विद्यालय पाता मंझनपुर में बुधवार को छठवें दिन की शुरुआत योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ वरिष्ठ शिविराथियों टीम ई (स्वच्छता समिति-आदित्य शर्मा,मुस्कान आँचल त्रिपाठी, सेजल दीपांजली आदि के द्वारा शिविर में स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम किये साथ ही अम्बेडकर नगर वॉर्ड क्षेत्र में स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया गया साथ ही स्वच्छता समिति के द्वारा ही शिविर में अनुशासन को संभाला। टीम-बी नीलम मौर्या अंतिमा स्मिता,अमृता आदि के द्वारा मंच संचालन करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया वंदे मातरम् सेवा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी हिमांचल मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात डॉ आनन्द कुमार ने मुख्य अतिथि का वाचिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वच्छ पर्यावरण हमारे लिए अति आवश्यक है उन्होंने सूर्य की महत्ता को प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि सूर्य को प्रातःकाल जल का अर्घ देना चाहिए जिससे हमें असीम ऊर्जा की प्राप्ति होती है। उन्होंने स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए स्वयंसेविकाओं को सफाई के लिए प्रेरित किया तथा अपने द्वारा किये गए अनुभवों को साझा किया भोजन के पश्चात बौद्धिक सत्र के उपरांत अम्बेडकर नगर वॉर्ड में पर्यावरण विषय पर रैली निकाली गई एवं नुक्कड़ नाटक टीम संजना सोनी अमृता सिंह नगीना तनु विश्वकर्मी सोनाली मौर्य आदि के द्वारा पर्यावरण विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम का संचालन टीम बी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ आनन्द कुमार मानवेंद्र,अजय सहित समस्त स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं उपस्थित रहे।

## डीएम ने की संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक

**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने उदयन सभागार में विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 01 अप्रैल से दिनांक 30 अप्रैल, 2026 तक संचारी रोग नियन्त्रण अभियान एवं दिनांक 10 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2026 तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अन्तर्गत वैक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियन्त्रण तथा इनका त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से है। जिलाधिकारी ने सीएमओ से कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान को सफलाता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही समय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासना देशानुसार कार्ययोजना बनाकर अपने विभाग से सम्बन्धित सभी कार्यवाही गतिविधिया समयबद्ध कराया जाय।

# शाम होते ही विद्युत कटौती से आक्रोशित जनता ने किया प्रदर्शन

### भरवारी के वार्ड 2 सुहेलदेव नगर चंदीपुर,परसरा और 9 सुभाष चंद्र बोस नगर मझियावा मौली में प्रतिदिन शाम होते ही होती है बिजली कटौती



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड 2 सुहेलदेव नगर चंदीपुर,परसरा और 9 सुभाष चंद्र बोस नगर मझियावा मौली में प्रतिदिन शाम होते ही बिजली कटौती की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने पावर हाउस में प्रदर्शन किया और विद्युत सप्लाई में सुधार किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है लगातार विद्युत कटौती होने से ग्रामीण परेशान हो गए हैं और उनका आक्रोश सड़क पर आ गया है नगर पालिका भरवारी के वार्ड नम्बर 2 सुहेलदेव नगर चंदीपुर परसरा एवं वार्ड नं. 9 सुभाष चंद्र बोस नगर मझियावा मौली में प्रतिदिन शाम होते ही बिजली कटौती की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को भरवारी पावर हाउस में प्रदर्शन किया,इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का एक ज्ञापन भी विद्युत अधिकारियों को सौंपा है। नगर पालिका पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नम्बर 2 सुहेलदेव नगर चंदीपुर, परसरा व वार्ड नम्बर 9 सुभाष चंद्र बोस नगर मझियावां , मौली इन दोनों वार्ड की आबादी लगभग पांच हजार के आसपास है। इन दोनों वार्डों में विद्युत सप्लाई नगर पालिका परिषद भरवारी के विद्युत उपखंड द्वारा संचालित चायल फीडर से होती है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले पांच महीनों से प्रतिदिन शाम को अँधेरा होते ही बिजली काट दी जाती है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंभीर असुविधा उत्पन्न हो रही है। यह समस्या विशेष रूप से इन्हीं दो वार्ड में ज्यादा है। योगी सरकार बेहतर विद्युत सप्लाई की बात कर रही है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी लगातार बिजली कटौती कर उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे हैं। विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि बिजली कटौती से विद्याथी एवं परीक्षाथियों की पढ़ाई-लिखाई पूरी तरह बाधित हो रही है।महिलाएँ, बुजुर्ग एवं छोटे बच्चे अंधेरे में असुरक्षित महसूस करते हैं। रात के समय किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में भी विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं हो पाती, जिससे पूरे क्षेत्र के ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति जबरदस्त रोष व्याप्त है।इसी गम्भीर समस्या को मद्देनज़र शुक्रवार को दोनों वार्डों के सैकड़ों लोगों ने वार्ड के सभासद प्रतिनिधि एडवोकेट घनश्याम पासी के नेतृत्व में भरवारी पावर हाउस का घेराव कर अधिकारियों से अपनी समस्याएं बताई और समस्या का मांग पत्र उपखंड के अवर अभियंता को सौंपा हुए समस्या का समाधान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अमित विश्वकर्मा, शुभम कुमार अजय हेमलता, मोहित, लक्ष्मी देवी, राम सिंह,शिव प्रकाश, राजेश,लकी दिवाकर, अमित जगरूप, बजरंग गौतम, संजय कुमार सहित सैकड़ों विद्युत उपभोक्ता मौजूद रहे।

## अनियंत्रित डंपर घर में घुसा कई बच्चे घायल

### गरीब के घर में डंपर घुसने के पीछे यातायात पुलिस थाना पुलिस एआरटीओ और खनन विभाग के अधिकारियों की बड़ी भूमिका उजागर हुई है

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के पुरखास गांव में शुक्रवार शाम करीब सात बजे तेज रफ्तार से आ रहा एक ओवरलोड बालू डंपर अनियंत्रित होकर प्रकाश पुत्र पोंचु के घर में जा घुसा। डंपर के घर में घुसते ही मकान की दीवारें टूट गई और घर के कई बच्चे घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। दुर्घटना में मकान का भी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि डंपर की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सीधे घर में घुस गया। घटना में कुछ बच्चों को चोटें आई हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ओवरलोड बालू लेकर चलने वाले अनियंत्रित तरीके से दौड़ रहे डंपर के गरीब के घर में घुसने के पीछे यातायात पुलिस थाना पुलिस एआरटीओ और खनन विभाग के अधिकारियों की बड़ी भूमिका उजागर हुई है यदि ओवरलोड बालू वाहनों को सड़कों पर दौड़ने से रोक दिया जाए और वाहनों की गति को पुलिस नियंत्रित कर दे तो हादसों को रोका जा सकता था।

## एसपी ने ऑनलाइन संवाद के जरिए सुनी फरियादियों की समस्याए

**कौशांबी।** जनपद में आमजन की शिकायतों के त्वरित,पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा जनसुनवाई प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की जा रही है इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारियों तथा प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से सीधा संवाद स्थापित कर प्रकरणों की जानकारी ली जा रही है इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए प्रत्येक मामले की वस्तुनिष्ठ समीक्षा करते हैं तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध,निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी शिकायतों का समाधान नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जाए,जिससे फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें समय पर न्याय मिल सके।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाय तथा नॉट रिपोटेड प्रसव पर विशेष ध्यान देते हुए ट्रैक किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लाभाथियों एवं आशाओं के भुगतान में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से एच.आर.पी. महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि एच.आर.पी. महिलाओं की प्रतिदिन मॉनीटरिंग किया जाय। डीएम ने सीएमओ प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्या-क्या कार्य कराए जाने की आवश्यकता है, इसकी सूची तैयार कर आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय, ताकि मरीजों को और बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध हो सकें। उन्हांने प्रभारी चिकित्साधिकारियां से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रवार माह फरवरी में शिशु मृत्युदर/मातृ मृत्युदर के कारण की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि लापरवाही बरतने वाले निजी अस्पतालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने आशाओं के भुगतान की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि निष्क्रिय आशाओं को हटाकर उनके स्थान पर दूसरे आशाओं के चयन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियां को कार्ययोजना बनाकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सैम बच्चां को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भती कराने एवं आभा आईडी के कार्य में प्रगति लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में लापरवाही/शिथिलता पाए जाने पर बी.सी.पी.एम. सिराथू का वेतन रोकने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं सी.एम.एस. डॉ. सुनील शुक्ला सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रोजगार मेले के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत वाहनों को हरी झण्डी दिखा कर डीएम ने किया रवाना




**कौशांबी** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्षहृ पूर्ण होने के अवसर पर रोजगार मिशन के अन्तर्गत जनपद के इच्छुक युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वृहद प्रचार-प्रसार वाहनों को जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी उपस्थित रहे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक-24 मार्च, 2026 को राजकीय महामाया महाविद्यालय, ओसा, मंझनपुर के परिसर में किया जाएगा। यह प्रचार वाहन जनपद के समस्त तहसीलों, विकास खण्डों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतो सहित ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रचार-प्रसार करेंगे। मेले में अधिक से अधिक इच्छुक युवा प्रतिभाग कर विभिन्न कंपनियों में अपने उज्जवल भविष्य के अवसरों की तलाश कर सकतें हैं।इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 सिराथू यजुवेन्द्र नाथ, कौशल विकास मिशन से दीपक मौर्य, शिव नरेश शुक्ला, आकास सिंह, प्रतीक अवस्थी, जिला सेवायोजन कार्यालय व0सहायक विनोद कुमार सिंह एवं बृजेश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहें।

# सम्पादकीय

## नीतीश-डीजीपी के सिपाही बनने की कहानी

**बिहार** में 20 सालों तक सत्ता का निर्बाध आनंद लेने के बाद नीतीश कुमार अब फिर दिल्ली की राजनीति में लौट रहे हैं। 2005 में बिहार का मुख्यमंत्री बनने से पहले नीतीश कुमार छह बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं, लेकिन अब सातवीं बार सांसद बनने के लिए उन्होंने राज्यसभा को चुना। बिहार में नीतीश कुमार समेत एनडीए के पांचों उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव जीत लिया है। मजेदार बात ये है कि तीन विभिन्न पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष इनमें शामिल हैं। नीतीश कुमार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उपेन्द्र कुशवाहा राष्ट्रीय लोकमोर्चा के अध्यक्ष हैं और नितिन नवीन बिहार और केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वैसे बिहार में राज्यसभा चुनावों की सबसे खास बात यही रही कि पहली बार किसी मौजूदा मुख्यमंत्री ने राज्य की सत्ता छोड़कर राज्यसभा को चुना हो। राज्य की सत्ता छोड़कर नरेन्द्र मोदी भी आए थे, लेकिन उन्होंने लोकसभा चुनाव लड़ा था और सामने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी थी। जबकि नीतीश कुमार ने तो इंडिया गठबंधन इसी नाम पर छोड़ा था कि उन्हें विपक्षी मोर्चे की तरफ से प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री बनने के बाद नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षा अगर प्रधानमंत्री बनने की थी, तो उसमें न कुछ गलत है, न आश्चर्य है। लेकिन असली हैरानी इसी बात पर है कि आखिर राज्यसभा के लिए 20 सालों की राज्य की सत्ता को कौन ठुकराता है। अभी तो ये भी तय नहीं है कि नीतीश कुमार को कौन सा मंत्री पद मिलता है, या अगले साल उन्हें राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया जाता है। वैसे इतना तो तय है कि इस समय नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने से जदयू के लोग तो खुश नहीं ही हैं, बिहार के लोगों को भी भाजपा का ये राजनीतिक खेल समझ नहीं आ रहा है, कि एकदम से उन्हें नीतीशविहीन क्यों किया जा रहा है। उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में एक व्यक्ति ने बीबीसी से कहा कि यह तो डीजीपी के सिपाही बनने जैसा है। वहीं जदयू में नीतीश के पुराने साथी के सी त्यागी ने तो अब पार्टी ही छोड़ दी, जबकि बहुत से कार्यकताओं ने निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की। ये मांग तो शायद ही पूरी हो, लेकिन परिवारवाद की माला जपते हुए नीतीश कुमार ने बेटे निशांत का राजनीति में प्रवेश करा ही दिया है। निशांत कुमार क्या अपने पिता की तरह बिहार के लोगों के दिल में जगह बना पाएंगे, क्या नीतीश कुमार को किसी भी खेमे में रहने के बावजूद जो समर्थन मिलता रहा, वैसा ही समर्थन निशांत कुमार को मिलेगा, नीतीश को इसकी चिंता भी करना चाहिए। राजनीति लेकिन नीतीश कु मार के लिए इस समय सबसे बड़ी चिंता बिहार में भाजपा का वर्चस्व कायम होने की होनी चाहिए। एनडीए का सहयोगी होने के बावजूद नीतीश कुमार ने भाजपा को कभी बिहार में बड़ा भाई नहीं बनने दिया था, लेकिन 2025 के चुनावों में भाजपा बड़े भाई से आगे बढ़कर मोहल्ले का दादा ही बन चुकी है। कहा जा रहा है कि अब भाजपा अपने मुख्यमंत्री बनाने का सपना पूरा कर लेगी, इसके लिए शायद पिछले साल चुनावों में ही सौदेबाजी कर ली गई थी ।

# खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना स्वस्थ जीवन की कुंजी

## मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान- बीमार होने की गुंजाइश नहीं मन की प्रसन्नता अनेक मानसिक, शारीरिक रोग दूर करने में सक्षम- खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता भरी आंखों की चमक मनीषियों की दुर्लभ पूंजी

**किशन सनमुखदास**

**कुदरत** द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है।बस! जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है,क्योंकि मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि, प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम मन की प्रसन्नता पर उसके गुणों, प्रक्रिया सुजन करने के तरीकों पर इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता की करें तो खुलकर हंसना, मुस्कुराना, प्रसन्न रहना, मन की प्रसन्नता खुद सृजित की हुई दवा के समान है, क्योंकि इसमें सब दुख तो नष्ट होते हैं,जीव अपने कर्म में असफल नहीं होता। बुद्धि तुरंत स्थिर रहती है। सामाजिक प्रतिष्ठा और गुणों की सुगंध दूर तक जाती है एक अलग हस्मुख व्यक्तित्व की हमारी छाया हमारे अपने परिचितों सहयोगियों पर पड़ती है। प्रसन्नता हमारा ऐसा अनमोल खजाना है, जिसे जितना लूटाएंगे उतना ही बढ़ता चला जाएगा! खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता की आंखों की चमक मनीषियों को दुर्लभ पूंजी है, क्योंकि प्रसन्नता सुकून से जीने की कुंजी है। यह खजाना तब बढ़ता है जब हम दूसरों की खुशीयों में अपनी खुशी को समाहित करते हैं। हमें छोटी-छोटी चीजों में प्रसन्नता, सुख ढूंढने की कोशिश करनी चाहिए, विश्वसनीय मन के भाव की खुशी का भाव अभूतपूर्व सफलता और दूरगामी सकारात्मक परिणाम होता है। आध्यात्मिकता, उदारता, परोपकार, सहनशीलता, सहिष्णुता इत्यादि मन की प्रसन्नता के प्रमुख स्त्रोतों में से कुछ हैं, जिनको जीवन में अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस, संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व प्रसन्नता इंडेक्स रिपोर्ट इत्यादि अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर प्रसन्नता के मूल्यों की करें तो प्रसन्नता को हाई वैश्विक टॉनिक माना जाता है। प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है अलग-अलग देशों के प्रसन्नता से रहने के क्रमांक बताए जाते हैं, परंतु बहुत हैरानी की बात है प्रसन्नता इंडेक्स में अनेक पूर्ण विकसित देशों के साथ ही भारत भी पिछड़ा हुआ है जो रेखांकित करने वाली बात है! विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट में 146 देशों की रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड लगातार 5 वर्षों से प्रथम और डेनमार्क द्वितीय और आयरलैंड तृतीय स्थान पर है।जबकि इस रिपोर्ट में भारत 136 वी रैंक पर है याने लास्ट टॉप टेन इतनी खराब हालात जो आश्चर्य वाली बात है।



साथियों बात अगर हम मन की प्रसन्नता के गुण एवं लाभों की करें तो, प्रसन्नता तो व्यक्ति का मानसिक गुण है, जिसे व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन के अभ्यास में लाना होता है। प्रसन्नता व्यक्ति के अंतर्मन में छिपे उदासी, तृष्णा और कुंठाजनित मनोविकारों को सदा के लिए समाप्त कर देती है। वस्तुतः प्रसन्नता चुंबकीय शक्ति संपन्न एक विशिष्ट गुण है। प्रसन्नता दैवी वरदान तो है ही, यह व्यक्ति के जीवन की साधना भी है। व्यक्ति प्रसन्न रहने के लिए एक खिलाड़ी की भांति अपनी जीवन-शैली और दृष्टिकोण को अपना लेता है। उसके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता-असफलता, जय-पराजय, और सुख-दुख उसके चिंतन का विषय नहीं होता। वह तो अपने निर्धारित लक्ष्य की ओर बढ़ता जाता है।प्रसन्नता मानवों में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक भावना है। इसके होने के विभिन्न कारण हो सकते हैंः अपनी इच्छाओं की पूर्ति से संतुष्ट होना। अपने दिन-रात के जीवन की गतिविधियों को अपनी इच्छाओं के अनुकूल पाना। किसी अचानक लाभ से लाभांवित होना। किसी जटिल समस्या का समाधान प्राप्त होना।

साथियों बात अगर हम प्रसन्नता के लक्ष्यों की प्राप्ति की करें तो, प्रसन्न रहने वाला व्यक्ति परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर लेता है। यदि वह असफल भी हो जाता है तो निराश होने और अपनी विफलता के लिए दूसरों को दोष देने की अपेक्षा अपनी चूक के लिए आत्मनिरीक्षण करना ही उचित समझता है।ज्ञानीजन और अनुभवी बताते हैं कि प्रसन्नता जैसे दैवीय-वरदान से कुतर्की और षड्यंत्रकारी लोग सदैव वंचित रह जाते हैं। प्रसन्न व्यक्ति स्वयं को प्रसन्न रखकर दूसरों को भी प्रसन्न रखने की अद्भुत सामर्थ्य रखता है। प्रसन्नता को प्रभु-प्रदत्त संपदा समझने वाले व्यक्ति ही सदैव सुखी रहते हुए यशस्वी, मनस्वी, महान और पराक्रमी बनकर समाज और राष्ट्र के लिए आदर्श स्थापित करने में सक्षम हो सकते हैं। प्रसन्नता ही सुखी जीवन का मूल मंत्र है। प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है। प्रसन्नता को जरूर लुटाइए फि र देखिए, उसका खजाना बढ़ता चला जाएगा ।भलाई करना कर्त्तव्य नहीं, आनन्द है । क्योंकि वह प्रसन्नता को पोषित करता है । सबको प्रसन्न करने की शक्ति सब में नहीं होती । प्रसन्नता आत्मा को शक्ति प्रदान करती है । प्रसन्नतापूर्वक उठाया गया बोझ हल्का महसूस होता है। प्रसन्नता शब्द का प्रयोग मानसिक या भावनात्मक अवस्थाओं के संदर्भ में किया जाता है, जिसमें संतोष से लेकर तीव्र आनंद तक की सकारात्मक या सुखद भावनाएं शामिल हैं। इसका उपयोग जीवन संतुष्टि, व्यक्तिपरक कल्याण, यूडिमोनिया, उत्कर्ष और कल्याण के संदर्भ में भी किया जाता है इसलिए हर व्यक्ति ने इस गुण को अपने में समाहित कर जीवन को सफल बनाने के मंत्र को अपनाना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मन की प्रसन्नता हमारा अनमोल खजाना है जितना लूटाएंगे उतना बढ़ता चला जाएगा। मन की प्रसन्नता अनेक मानसिक शारीरिक रोग दूर करने में सक्षम है इसलिए ही खिलखिलाते चेहरे और प्रसन्नता भरी आंखों की चमक मनीषियों की दुर्लभ पूंजी है।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में 251 महिलाओं का सम्मान, बालिकाओं को मिला विशेष उपहार

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज भदोही नवनिर्माण** के 9 वर्ष पर संकल्प से सिद्धि सुरक्षाझ्रसुशासनझ्रसमृद्ध उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्ध के 9 वर्ष पर आयोजित विकास भवन के डीपीआरसी सभागार में मा. जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में तीसरे दिन कार्यक्रम आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन पर आधारित मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण बासन्तिक नवरात्र के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट योगदान देने वाली 251 महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र दिया गया। 21 कन्याओं को तिलक पूजन करते हुए, टोपी टी-शर्ट, चुनरी, फल मिठाई, भोजन प्रसाद इत्यादि भेंट किया गया। 21 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाते हुए उन्हे बेबी किट व पोषण पोटली सप्रेम भेंट किया गया।





जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन किया गया।

महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अन्तर्गत 101 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करते हुए कुल 1141 बच्चों के खाते में 2500 प्रतिमाह की दर से 87.955 लाख रुपए हस्तान्तरित कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का मुख्य उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को समाप्त करना समान लैंगिक अनुपात स्थापित करना बाल विवाह की कुप्रथा को रोकना बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को प्रोत्साहन देना बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने में सहायता प्रदान करना बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को विकसित करना है। कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लाभार्थी की पात्रता निम्न प्रकार हैः- लाभार्थी का परिवार उत्तर प्रदेश का निवासी हो। लाभार्थी की परिवारिक वार्षिक आय अधिकतम रुपए 03 लाख हो।

# गाजीपुर में युवाओं की पहल: नशामुक्त समाज के लिए निकाली जागरूकता रैली

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। समाज** को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने के उद्देश्य से कोतवाली मुहम्मदाबाद क्षेत्र में शुक्रवार को छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में आयोजित इस रैली में शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान ह्लनशा मुक्त समाजह्व के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। छात्रों ने आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने की अपील की। रैली में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब, गुटका और अन्य नशीले पदार्थ न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि नशे की लत से कई परिवार बिखर रहे हैं, जिसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रशासन से नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने की मांग भी की। उनका कहना था कि जनजागरूकता के साथ-साथ सख्त कार्रवाई ही इस समस्या का स्थायी समाधान बन सकती है।




# अलविदा जुमे पर उमड़ी भीड़, अमन-चैन की मांगी दुआ; ईद से पहले बाजारों में बढ़ी रौनक

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। पवित्र** माह रमजान के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुम्मा पर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर क्षेत्र में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। नगर सहित ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी जुटे और पूरी श्रद्धा व अनुशासन के साथ नमाज अदा की। इस दौरान लोगों ने देश में अमन, भाईचारे और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगीं। नगर की प्रमुख मस्जिदों—जामा मस्जिद, कोट मस्जिद, तहसील मस्जिद, गंज मस्जिद और सलेमपुर मस्जिद—में नमाज के दौरान खासी भीड़ रही। नमाजियों ने शांतिपूर्ण माहौल में इबादत कर इस खास दिन को पूरी सादगी और गरिमा के साथ मनाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। उपजिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी, क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय और कोतवाली प्रभारी राजेश त्रिपाठी ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान कहीं से भी किसी तरह की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। वहीं, ईद-उल-फितर के करीब आते ही बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। शाम होते ही बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है और देर रात तक दुकानें गुलजार रह रही हैं।



# जिला महिला अस्पताल में खून की दलाली! जांच से लेकर डिस्चार्ज तक हर कदम पर वसूली का खेल वीडियो वायरल

## लैब टेक्नीशियन से लेकर नर्स तक पर गंभीर आरोप, गरीब महिलाओं को बनाया जा रहा शिकार

**अखंड भारत संदेश**

**रायबरेली** ।जिला महिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं अब सेवा नहीं, बल्कि वसूली का जरिया बनती नजर आ रही हैं। ताजा आरोपों ने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है, जहां खून जांच के नाम पर शुरू हुआ खेल ऑपरेशन, वार्ड और डिस्चार्ज तक जारी रहता है।

आरोप है कि लैब टेक्नीशियन राजेश कुमार द्वारा खून जांच के नाम पर महिलाओं से 100 रुपये वसूले जा रहे हैं। जबकि सरकारी अस्पताल में यह सुविधा निशुल्क या बेहद कम दर पर उपलब्ध होनी चाहिए।

मामला यहीं नहीं रुकता ऑपरेशन के नाम पर मरीजों से 4000 रुपये तक की मांग की जा रही है। ऑपरेशन के बाद जब जच्चा-बच्चा को वार्ड में शिफ्ट किया जाता है, तो उन्हें ले जाने वाले हेल्पर 200-200 रुपये वसूलते हैं।वार्ड में भर्ती मरीजों से रोज कपड़े बदलने के नाम पर 100 रुपये की वसूली की जाती है, और जब मरीज डिस्चार्ज होता है, तो नर्सिंग स्टाफ द्वारा 500 रुपये तक की मांग की जाती है।



सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल अस्पताल प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद धड़ल्ले से चल रहा है। कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जाती हैंकर्मचारी को अस्थायी रूप से हटाया जाता है और कुछ समय बाद फिर से उसी पद पर बहाल कर दिया जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई एक दिन की कहानी नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही संगठित वसूली है। सवाल उठ रहा है कि क्या इस खेल में सिर्फ कर्मचारी ही शामिल हैं, या फिर ऊपर तक इसकी जड़ें फैली हुई हैं?पीड़ितों का दर्द यह भी है कि वे पहले शिकायत करते हैं, लेकिन बाद में दबाव और समझौते के चलते चुप हो जाते हैं, जिससे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ जाती है।अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले में क्या ठोस कार्रवाई करते हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# वृद्धावस्था में स्वास्थ्य सुधार व सार्थक भूमिका

**भारत डोगरा**

**सुधार** के प्रयासों के बावजूद वृद्धावस्था में अपंगता, अपने जरूरी कार्यों को न कर पाने की अक्षमता व असहाय स्थिति की संभावना विभिन्न कारणों से किसी भी समाज के अनेक वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित कर सकती है। इसके लिए केयर या देखभाल की सुविधाएं वृद्ध व्यक्तियों के लिए संतोषजनक ढंग से उपलब्ध होनी चाहिए।



आर्थिक-सामाजिक विकास व बढ़ती अनुमानित आयु के साथ विश्व की जनसंख्या में वृद्ध व्यक्तियों का प्रतिशत बढ़ रहा है। इसके साथ यह जरूरत भी बढ़ रही है वृद्धावस्था में स्वास्थ्य ठीक बना रहे व समाज में सार्थक योगदान देने की स्थिति बनी रहे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित स्वस्थ वृद्धावस्था का दशक भी इन दिनों मनाया जा रहा है।

वृद्धावस्था में स्वस्थ बने होने के तीन पक्षों को विशेष तौर पर रेखांकित किया जा सकता है। पहला तो यह है कि वृद्धावस्था में होने वाली दुर्घटनाओं को न्यूनतम किया जाए क्योंकि एक बड़ी दुर्घटना होने पर वृद्धावस्था में उससे उबर कर स्वस्थ जीवन बिताने की संभावना कम हो जाती है, शारीरिक अक्षमता व असक्रियता की संभावना बढ़ जाती है और इस स्थिति में अनेक अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। विशेषकर गिरने की दुर्घटनाएं वृद्धावस्था में अधिक होती हैं। ऐसी दुर्घटनाओं के अधिक होने के समाचार हमें अपने आसपास के परिवेश से मिलते ही रहते हैं। यह विभिन्न संदर्भों में निर्धन व धनी परिवारों दोनों में देखा जाता है। जहां ऊबड़-खाबड़ व पथरीली जमीन में निर्धन वृद्ध अधिक गिरते हैं, वहां अधिक चमकीले व फिसलन वाले आवासों के कारण धनी परिवारों के वृद्ध भी अधिक गिर सकते हैं। नवीनतम समाचार सारांश विश्व स्तर की स्थिति के बारे में बर्डन ऑफ डिजीज अध्ययन के आंकड़ों के आधार पर बताया गया है कि एक वर्ष में (वर्ष 2021 में) विश्व में गिरने से 5.5 लाख वृद्ध व्यक्तियों की मृत्यु हुई जबकि केवल दक्षिण एशिया में इस वर्ष गिरने से 1.7 लाख वृद्ध व्यक्तियों की मृत्यु हुई। जहां गिरने से मौत होती है ऐसी प्रत्येक दुर्घटना पर ऐसी अनेक दुर्घटनाएं होती हैं जिनसे गंभीर चोट लग जाए या अपंगता हो जाए। अतः वृद्ध व्यक्तियों में दुर्घटनाओं और विशेषकर गिरने वाली दुर्घटनाओं को कम करने पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए वृद्ध व्यक्तियों के आसपास की स्थितियों को अधिक सुरक्षित बनाया जा सकता है व उनके द्वारा अपनाई जाने वाली सावधानियों को भी बढ़ाया जा सकता है। वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इस स्वास्थ्य की बेहतरी के अनेक प्रयास तब ही असरदार होंगे यदि वे वृद्धावस्था में प्रवेश करने से कुछ वर्ष पहले ही आरंभ हो जाएं व हो सके तो 45 से 50 वर्ष की आयु के आसपास ही आरंभ हो जाएं। धूम्रपान, तंबाकू, शराब आदि को छोड़ने के बारे में कहा जा सकता है कि यह तो वृद्धावस्था के प्रवेश से बहुत पहले ही हो जाना चाहिए। इसी तरह अनुचित खाद्यों के सेवन व स्वास्थ्य के प्रतिकूल अन्य आदतों के बारे में भी यह कहा जा सकता है। यदि जरूरी सावधानी अनेक वर्ष पहले अपना ली जाए तो वृद्धावस्था के प्रवेश द्वार पर अनेक गंभीर बीमारियों व स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना कम हो जाएगी। तीसरा पक्ष मानसिक व भावनात्मक समस्याओं से जुड़ा है। इस तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को वृद्धावस्था में कम करने में समुदाय व परिवार की भी महत्वपूर्ण भूमिका है व वृद्ध व्यक्ति अपने प्रयासों से भी सुधार कर सकते हैं। वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण है व इसके लिए सभी वृद्ध व्यक्तियों, पुरुषों व महिलाओं के लिए समुचित पेंशन की व्यवस्था होनी चाहिए, फि र चाहे वे जीवन भर किसी भी तरह के रोजगार या स्व-रोजगार से जुड़े रहे हों या उन्होंने घरेलू जिम्मेदारियों को ही संभाला हो।

सुधार के प्रयासों के बावजूद वृद्धावस्था में अपंगता, अपने जरूरी कार्यों को न कर पाने की अक्षमता व असहाय स्थिति की संभावना विभिन्न कारणों से किसी भी समाज के अनेक वृद्ध व्यक्तियों को प्रभावित कर सकती है। इसके लिए केयर या देखभाल की सुविधाएं वृद्ध व्यक्तियों के लिए संतोषजनक ढंग से उपलब्ध होनी चाहिए। हालांकि केयर सेवाओं की उपस्थिति विभिन्न समाजों में बढ़ रही हैं, पर कई बार यह वृद्धि इस तरह से होती है कि जो समाज की वास्तविक जरूरतों के अनुकूल नहीं होती हैं। केयर उद्योग ऐसा नही है जो मुनाफे के अर्थशास्त्र से पूरी तरह नियंत्रित होने पर सही सेवा दे सके। मुनाफे के आधार पर चलने से केयर उद्योग केवल धनी व्यक्तियों या परिवारों को अपनी सेवाएं उपलब्ध होने पर केंद्रित हो जाएगा, जबकि समाज को सभी स्तर पर, मध्यम वर्ग के स्तर पर, कम आय के स्तर पर, शहरी व ग्रामीण दोनों स्तर पर केयर सुविधाओं की जरूरत है। अतः अनुकू ल केयर सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार को उचित नीतियों से सही माहौल बनाना होगा व इस प्रयास में, विशेषकर मध्यम व निर्धन वर्ग के लिए तथा दूर-दूर के गांवों के लिए केयर सुविधा उपलब्ध करवाने में स्वैच्छिक संस्थाओं व समाजसेवियों की भी महत्वपूर्ण व बहुत उपयोगी भूमिका हो सकती है। कुछ स्वैच्छिक संस्थाएं इस समय भी वृद्ध व्यक्तियों व विशेषकर ग्रामीण तथा निर्धन वर्ग के वृद्ध व्यक्तियों की बेहतरी के लिए उल्लेखनीय प्रयास कर रही हैं। दक्षिण राजस्थान के अनेक गांवों में अर्थ संस्था (एक्शन, रिसर्च, ट्रेनिंग फार हैल्थ) के 'प्रबल यात्राइ प्रयास ने विशेषकर सुरक्षा बढ़ाई है ।

# विकास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में विकास के नववर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। विधायक मऊ मानिकपुर के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग सहित तमाम जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र और आर्थिक सहायता वितरित की गई। कार्यक्रम में संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि की थीम के साथ सरकार के 9 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश ने कुशासन से सुशासन और बदहाली से खुशहाली की ओर निर्णायक छलांग लगाई है। उन्होंने दावा किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है और चित्रकूट में पर्यटन समेत कई क्षेत्रों में तेज विकास हुआ है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, पीएम स्वनिधि और सूर्य घर योजना के तहत दर्जनों लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे गए, वहीं दिव्यांग छात्राओं को उपकरण और सफल करदाताओं को सम्मानित किया गया। लाभार्थियों ने योजनाओं को अपने जीवन में बदलाव का माध्यम बताया। कार्यक्रम के दौरान विकास पुस्तिका का विमोचन भी हुआ, जबकि जिलाधिकारी ने 26 मार्च तक विकास पर्व के तहत विभिन्न आयोजनों की जानकारी दी। पूरे आयोजन में विकास के दावों के साथ जनसंपर्क और राजनीतिक संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण


लाभार्थियों को सम्मानित करते जनप्रतिनिधिगण

### विकास प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट परिसर में विभिन्न विभागों की भव्य प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सूचना विभाग द्वारा नौ वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी पुलकित गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। नौ दिवसीय कार्यक्रम के तहत श्रम, कृषि, पर्यटन, समाज कल्याण, पंचायतीराज, खादी ग्रामोद्योग सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी, जिससे आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ समझने का अवसर मिला।

## अब नहीं होगा कन्फ्यूजन- कर्वी की सीमाएं चमकते साइनेज से हुई साफ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम नगर पालिका परिषद के विस्तारित क्षेत्र में वर्षों से ग्रामीण और शहरी सीमा को लेकर बना भ्रम अब खत्म होता नजर आ रहा है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर नगर पालिका ने कर्वी शहर के 9 प्रमुख प्रवेश मार्गों पर सीमा प्रारंभ और सीमा समाप्त के रेडियमयुक्त साइनेज स्थापित कर दिए हैं। पहले जहां राहगीरों और स्थानीय लोगों को शहर की सीमा का स्पष्ट अंदाजा नहीं हो पाता था, वहीं अब इन चमकदार संकेतकों से न केवल पहचान आसान होगी, बल्कि यातायात व्यवस्था में भी सुधार आएगा। श्रद्धालुओं और आम जनमानस के लिए यह पहल राहत और सुविधा का नया संकेत बनकर उभरी है।




## बसों की कमान अब बेटियों के हाथ, परिवहन निगम का बड़ा भर्ती अभियान शुरू


कार्यक्रम में मौजूद किसान

- निगम का अनोखा रोजगार मेला
- दिखेगी महिलाओं की नई पहचान

**चित्रकूट।** महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने चित्रकूटधाम क्षेत्र में महिला संविदा परिचालकों की भर्ती का बिगुल बजा दिया है। 25 मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय बाँदा में आयोजित होने वाले एक दिवसीय रोजगार मेले में चित्रकूट, बाँदा, महोबा, राठ और हमीरपुर डिपो के लिए सीधे अनुबंध के आधार पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह पहल न केवल महिलाओं को रोजगार देगी, बल्कि सार्वजनिक परिवहन में उनकी भागीदारी को भी मजबूत करेगी। न्यूनतम 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की इंटरमीडिएट उत्तीर्ण और ट्रिपल सी प्रमाणपत्र धारक महिलाएं इसमें भाग ले सकती हैं, जबकि एनसीसी, एनएसएस और स्काउट-गाइड से जुड़ी अभ्यर्थियों को अतिरिक्त वेटेज मिलेगा। चयनित अभ्यर्थियों को प्रति किलोमीटर भुगतान के साथ प्रोत्साहन राशि, पीएफ, रात्रि भत्ता और 7.5 लाख का दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। खास बात यह है कि महिलाओं को उनके गृह जनपद के नजदीकी डिपो में तैनाती देने का प्रयास किया जाएगा।

## गढ़वारा व हनुवा की चौपाल में समाधान की बौछार, गांव-गांव योजनाओं का असर दिखाने निकला प्रशासन

### मौके पर निपटीं समस्याएं और बढ़ा भरोसा

**चित्रकूट।** जिले में प्रशासनिक सक्रियता अब गांवों की चौपाल तक पहुंचती नजर आ रही है। जिलाधिकारी के निर्देश पर 20 मार्च को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकासखंड पहाड़ी के गढ़वारा और मानिकपुर के हनुवा गांव में आयोजित ग्राम चौपालों में ह्लगांव की समस्या, गांव में समाधानह्व का जीवंत उदाहरण देखने को मिला। गढ़वारा में जहां ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया, वहीं मुख्यमंत्री आवास, पेंशन और अन्य योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लोगों को लाभ से जोड़ने के निर्देश दिए गए। चकबंदी प्रक्रिया की प्रगति भी साझा की गई। दूसरी ओर हनुवा में लगभग 80 ग्रामीणों की मौजूदगी में आवास योजनाएं, आयुष्मान कार्ड, राशन, फार्मर रजिस्ट्री और स्वरोजगार योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें दो किसानों की रजिस्ट्री मौके पर ही पूरी कर प्रशासन ने तत्परता दिखाई। जल जीवन मिशन के तहत बचे घरों में कनेक्शन देने के निर्देश दिए गए, जबकि चौपाल से पहले गौशाला निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। प्रशासन ने सभी शिकायतों के एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश देकर यह संदेश दिया कि अब विकास केवल कागजों में नहीं, बल्कि चौपाल से जमीन तक उतर रहा है।

## अवंती बाई की ज्वाला से जागी चेतना महिलाओं ने लिया बदलाव का संकल्प


कार्यक्रम में मौजूद छात्र व शिक्षकगण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी स्थित राजपूत शिक्षा मंदिर में रानी अवंती बाई लोधी के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित संगोष्ठी ने नारी शक्ति, पोषण और शिक्षा के मुद्दों को नई ऊर्जा दी। विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में बच्चों के पोषण में माताओं की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अवंती बाई के संघर्षपूर्ण जीवन को प्रेरणा का आधार बताया। मुख्य अतिथि प्रिया माथुर ने कहा कि सशक्त महिला ही स्वस्थ समाज की नींव रखती है, जबकि डॉ प्रभाकर सिंह ने माताओं को बच्चों के पोषण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शैक्षिक योगदान के लिए प्रधानाचार्य कल्पना राजपूत को अवंती बाई लोधी सम्मान से नवाजा गया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत नाटिका और गीतों ने माहौल को भावुक बना दिया। संगोष्ठी ने यह संदेश दिया कि जागरूक नारी ही समाज के उज्ज्वल भविष्य की असली आधारशिला है।

## न्यूज झरोखा

### जनगणना 2027 का डिजिटल डंकारू घर-घर पहुंचेगा ऐप, पूछे जाएंगे 33 सवाल

**चित्रकूट।** जनगणना 2027 को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है और इस बार गणना का तरीका पूरी तरह हाईटेक होने जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) चन्द्रशेखर ने बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य मोबाइल ऐप के जरिए घर-घर पहुंचकर किया जाएगा। प्रगणक हर परिवार से करीब 33 महत्वपूर्ण सवाल पूछेंगे, जिनमें मकान की स्थिति, स्वामित्व, पेयजल, शौचालय, रसोई, ईंधन, इंटरनेट, स्मार्टफोन से लेकर परिवार की सामाजिक स्थिति तक का विस्तृत डाटा शामिल होगा। शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह डाटा भविष्य की योजनाओं की नींव बनेगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सटीक और सही जानकारी दें, क्योंकि यही आंकड़े विकास की दिशा तय करेंगे।

### जिले में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की तैयारियां शुरू

**चित्रकूट।** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान के प्रथम चरण और 10 से 30 अप्रैल तक प्रस्तावित दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों को माइक्रोप्लान समय से तैयार कर गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। नगर विकास व पंचायतीराज विभाग को लार्वा प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई, फॉगिंग और कीटनाशक छिड़काव तेज करने को कहा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, टीबी के लक्षण और कुपोषण की जानकारी जुटाएंगी, साथ ही आभा आईडी बनाकर लू से बचाव की जागरूकता भी फैलाएंगी। प्रशासन ने इस अभियान को जनस्वास्थ्य के लिए निर्णायक कदम बताया है।

### मानिकपुर को राहत की बूंद- पेयजल योजना के लिए करोड़ की पहली किस्त जारी

**चित्रकूट।** मानिकपुर में पेयजल संकट को दूर करने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेयजल व्यवस्था योजना के तहत 205.01 लाख रुपये की स्वीकृति के सापेक्ष पहली किस्त के रूप में 100 लाख रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इस धनराशि से स्वीकृत कार्यों को तत्काल शुरू कर आम जनता को राहत दी जाए। लंबे समय से पेयजल समस्या झेल रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह कदम उम्मीद की नई किरण माना जा रहा है।

### नांदी हनुमान धाम का बदलता स्वरूप, करोड़ों की परियोजना पर तेज हुई रफ्तार

0 पर्यटन विकास की नई तस्वीर

**चित्रकूट।** जिले में धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देने के उद्देश्य से नांदी हनुमान मंदिर के विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक अभियंता तीर्थ विकास परिषद और संयुक्त निदेशक पर्यटन ने स्थल का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। करीब 2.19 करोड़ रुपये की लागत से चल रही इस परियोजना में अब तक 85 लाख से अधिक धनराशि जारी हो चुकी है। निरीक्षण में पाया गया कि प्रवेश द्वार का स्ट्रक्चर और पाथवे का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि पत्थर कार्य और कुंड निर्माण तेजी से जारी है। अधिकारियों ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को जल्द ही बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### 2410 लाख की परियोजना से चमकेगा रामघाट, पर्यटकों को मिलेंगी हाईटेक सुविधाएं

0 कायाकल्प की राह पर रामघाट

**चित्रकूट।** जिले के ऐतिहासिक रामघाट के कायाकल्प को लेकर प्रशासन ने तेजी दिखानी शुरू कर दी है। जिलाधिकारी के निर्देश पर संयुक्त निदेशक पर्यटन ने कार्यदायी संस्था व आर्किटेक्ट के साथ 2410.02 लाख रुपये की लागत वाली परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत रामघाट क्षेत्र में कियोस्क, म्यूरल वॉल, स्टोन बोलार्ड, बेंच, डस्टबिन, वाटर एटीएम और लैंडस्केपिंग जैसे आधुनिक कार्य प्रस्तावित हैं। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, गलियों की चौड़ाई और चौंबरों की ढलान को लेकर सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही स्टोन वर्क में आकर्षक रंग संयोजन और सामग्री के सुव्यवस्थित प्रबंधन पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि तय समयसीमा में कार्य पूरा कर रामघाट को आधुनिक, सुंदर और पर्यटक अनुकूल स्वरूप दिया जाएगा।

### 49.80 लाख की सौगात- मानिकपुर में सड़क, नाली और रोशनी का वादा

**चित्रकूट।** जिले में पं दीनदयाल नगर विकास योजना के तहत मानिकपुर नगर पंचायत को विकास की बड़ी सौगात मिली है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि शास्त्री नगर में विनोद द्विवेदी के मकान से कविता मिश्रा के मकान तक सीसी मार्ग, नाली और पथ प्रकाश के निर्माण हेतु 99.60 लाख की योजना में से 49.80 लाख की पहली किश्त जारी कर दी गई है। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कार्य में देरी न हो और जल्द निर्माण कराकर जनता को सीधा लाभ पहुंचाया जाए।

### 93 ग्राम पंचायतों में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

**चित्रकूट ।** जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से जनपद की 93 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों एवं युवाओं के बीच पढ़ाई के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी को सशक्त बनाया जा सके। जिसमें स्मार्ट एलईडी, कंप्यूटर, प्रिंटर-स्कैनर एवं कैमरा, हाई-क्वालिटी बुक शेल्फ एवं रीडिंग टेबल, बच्चों के लिए विशेष डिस्प्ले रैक, पुस्तकें एवं डिजिटल सामग्री उपलब्ध कराई जाएंगी। इस पहल से ग्रामीण प्रतिभाओं को डिजिटल संसाधनों तक आसान पहुंच मिलेगी और वे अपने भविष्य को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगे।

## सूखे तालाब को मिलेगी नई सांस, 27 लाख से बदलेगा मानिकपुर का चेहरा

**चित्रकूट।** जिले में विकास की नई लहर के बीच मानिकपुर के पुराने तालाब को संवारने की कवायद तेज हो गई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के तहत नगर पंचायत मानिकपुर के गोविंद नगर स्थित पुराने तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 54.85 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है, जिसमें से पहली किश्त के रूप में 27.43 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन ने इसे पर्यावरण संरक्षण और शहरी सौंदर्य का अहम कदम बताया है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो और स्वीकृत धनराशि का उपयोग पारदर्शिता के साथ करते हुए जल्द से जल्द विकास कार्य पूर्ण कराए जाएं, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके।

## नन्हे कदमों को मजबूत नींव- डायट में नई शिक्षा नीति का दमदार आगाज


डायट में दो दिवसीय कार्यशाला में मौजूद बीएसए व शिक्षकगण

**चित्रकूट।** जिले के डायट परिसर में स्कूल रेडीनेस फेज-2 की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नई शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को जमीन पर उतारने की दिशा में एक अहम पहल बनकर उभरा। प्राचार्य बीके शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कक्षा-1 में नवप्रवेशित बच्चों को भाषा, प्रारंभिक गणित और पर्यावरण से जुड़े मूलभूत कौशलों से सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य ने कहा कि बाल्यकाल की शिक्षा ही भविष्य की असली नींव है। वरिष्ठ प्रवक्ता नीलम यादव ने बताया कि फेस-2 के तहत बच्चों को खेल, कहानी और कविताओं के माध्यम से स्कूल के माहौल से जोड़ा जाता है, जिससे उनका डर खत्म होता है। नोडल प्रवक्ता मोहित कुमार सिंह ने पूर्व प्राथमिक दक्षताओं के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में शिक्षकों को मैन्युअल व कैलेंडर की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे शिक्षा को सहज और प्रभावी बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

## नेटवर्क के अंधेरे में गांव, 4जी टावर योजना पर उठे बड़े सवाल

**चित्रकूट।** जिले में डिजिटल कनेक्टिविटी के दावों की हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सामने आया कि मानिकपुर तहसील के सात प्रस्तावित गांवों में से केवल एक- गोडरहाई- में ही 4जी मोबाइल टावर स्थापित हो सका, जबकि छह गांव अब भी नेटवर्क के अंधेरे में हैं। बीएसएनएल अधिकारियों ने शून्य जनसंख्या का हवाला देकर टावर न लगाने की बात कही, लेकिन यह तर्क अब चर्चा का विषय बन गया है। जिलाधिकारी ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए डार्क जोन की स्पष्ट रिपोर्ट 15 दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी विकास खंडों से नेटवर्क विहीन क्षेत्रों का चिन्हांकन कर आगामी पंचायत और विधानसभा चुनाव से पहले स्थिति सुधारने की कवायद तेज कर दी गई है।

## चित्रकूट को मिला युवा साहित्यिक नेतृत्व, संघर्षी के हाथों अब सजेगा मंच


युवा कवि दिनेश दीक्षित संघर्षी

**चित्रकूट।** जिले में साहित्यिक जगत को नई ऊर्जा देते हुए युवा कवि दिनेश दीक्षित संघर्षी को उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की चित्रकूट इकाई का संयोजक मनोनीत किया गया है। इस खबर के सामने आते ही जिले के साहित्यकारों में उत्साह की लहर दौड़ गई। अपनी सशक्त काव्यशैली, सुमधुर गीतों और प्रभावशाली मंच संचालन के लिए पहचाने जाने वाले संघर्षी की रचनाएं देशभर में सराही जाती रही हैं। छंद, मुक्तक और गीत विधा में उनकी पकड़ के साथ-साथ भक्ति, प्रेम, राष्ट्रीय और सामाजिक चेतना उनके साहित्य का मूल आधार रही है। आकाशवाणी, दूरदर्शन और विभिन्न टीवी चैनलों पर उनकी प्रस्तुतियां लगातार प्रसारित होती रही हैं। साहित्य सभा द्वारा इस युवा प्रतिभा को नेतृत्व सौंपना जिले के साहित्य प्रेमियों के लिए नई उम्मीद माना जा रहा है। वरिष्ठ साहित्यकारों ने इसे चित्रकूट के साहित्यिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## जायद में सोना उगाने की सीख, किसानों को मिली आधुनिक दलहन तकनीक

**चित्रकूट।** जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा में ग्रीष्मकालीन दलहन उत्पादन तकनीकी पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ, जिसने किसानों के लिए नई उम्मीदों के द्वार खोल दिए। उत्तर प्रदेश अनुसंधान परिषद, लखनऊ द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में 25 किसानों ने भाग लेकर जायद मौसम में मूंग सहित दलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती के गुर सीखे। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने दलहन फसलों को आय बढ़ाने और मृदा उर्वरता सुधारने का सशक्त माध्यम बताया। विशेषज्ञों ने उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक, जल प्रबंधन और कीट नियंत्रण पर व्यावहारिक जानकारी दी। प्रशिक्षण के अंत में किसानों को मूंग की उन्नत किस्म आईपीयू 2-3 के मिनी किट वितरित किए गए। किसानों ने इसे कम लागत में ज्यादा मुनाफा का फामूर्ला बताते हुए अपनाने का संकल्प लिया, जिससे जिले में खेती की तस्वीर बदलने की उम्मीद जगी है।

### संडे को भी नहीं रुकेगी रजिस्ट्री, प्रशासन ने जारी किया खास फरमान

**चित्रकूट।** महानिरीक्षक निबंधन के निर्देश पर 22 मार्च रविवार को भी जनपद के दोनों उपनिबंधक कार्यालय खुले रहेंगे। सहायक महानिदेशक निबंधन प्रवींद्र सिंह सचान ने बताया कि अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह दस्तावेजों का पंजीकरण होगा। सभी उपनिबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों को इसकी सूचना दें, ताकि रजिस्ट्री कार्य निर्बाध जारी रह सके।

## शहीदों के परिवारों के लिए राहत का दिन, 27 मार्च को लगेगा समाधान शिविर

**चित्रकूट।** जिले में पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं और आश्रितों के लिए राहत भरी पहल सामने आई है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल अवधेश सिंह (अप्रा) ने बताया कि 27 मार्च को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में प्रयागराज सब एरिया की टीम विशेष आउटरीच शिविर लगाएगी। इस शिविर में पेंशन, स्पर्श और अन्य लंबित मामलों का ऑन द स्पॉट निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दस्तावेजों सहित अपनी समस्याएं दर्ज कराने की अपील की है।

## समन्वय बना कर करें विद्यालय की शैक्षणिक उन्नति : नरेंद्र गुप्ता

- कायाकल्प से शिक्षा का रूपांतरण
- जिम्मेदारों को मिला समन्वय का मंत्र


कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने के लिए समन्वय की ताकत को केंद्र में रखकर एक अहम पहल सामने आई। नगर के पटेल उत्सव भवन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों ने एक मंच पर आकर विद्यालयों की शैक्षणिक उन्नति का रोडमैप तैयार किया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि विद्यालयों का विकास केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों और समाज के साझा सहयोग से ही संभव है। कार्यक्रम में ऑपरेशन कायाकल्प और डीबीटी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें सभी 19 पैरामीटर को प्रभावी ढंग से लागू करने और शत-प्रतिशत छात्रों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण दीक्षित और एआरपी टीम ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए जनसहभागिता की आवश्यकता बताई। कार्यशाला में यह संदेश साफ उभरा कि यदि समन्वय मजबूत हुआ, तो चित्रकूट के विद्यालय शिक्षा और सुविधाओं दोनों में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

# भारत का सीक्रेट ऑपरेशन देखकर हिल गया रूस गाड़ी ने मचाया तहलका




**रूस**

**दुनिया** भर में चल रही जंग के बीच भारत में एक होश उड़ा देने वाला ऑपरेशन हुआ है। भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने एक बहुत बड़े अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र को नाकाम कर दिया है। भारत में खड़ी इस पुलिस वैन के अंदर कुछ ऐसा है जिसे देखकर पूरी दुनिया हैरान है। इस पुलिस वैन के अंदर सात लोग हैं जिन्हें अगर पकड़ा नहीं जाता तो यह भारत के अंदर ही नई जंग शुरू करवा देते। यह सातों लोग पुतिन को अपना दुश्मन मानते हैं और शायद पीएम मोदी और पुतिन की दोस्ती का बदला भारत से लेना चाहते हैं। लेकिन सबको समय रहते दबोच लिया गया है। दरअसल भारत की प्रमुख जांच एजेंसी एनआईए ने सात विदेशी एजेंट्स को पकड़ा है जो टूरिस्ट बनकर भारत में घुसे और फिर एक मिशन के तहत बॉर्डर कूदकर भारत के पड़ोसी देश पहुंच गए। इन सात लोगों में से छह लोग यूक्रेन के हैं और एक अमेरिकी है। अभी तक यह बात सामने आई है कि यह सातों लोग वीजा लेकर भारत पहुंचे थे। लेकिन इसके बाद इन्होंने अवैध रूप से मिजोरम के संरक्षित क्षेत्र में प्रवेश किया और फिर वहां से सीमा पार करके म्यांमार पहुंच गए। सूत्रों के मुताबिक इन सभी के टारगेट पर भारत का नॉर्थ ईस्ट था। इन लोगों पर आरोप है कि नॉर्थ ईस्ट को जलाने के लिए इन्होंने पड़ोसी देश म्यांमार के आतंकी संगठनों से संपर्क किया। म्यांमार भारत के चार नॉर्थ ईस्ट राज्यों से बॉर्डर शेयर करता है। इनमें अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर और मिजोरम शामिल हैं। यह सभी विदेशी म्यांमार के आतंकी संगठनों को हथियार दे रहे थे। उन्हें हथियार चलाने की ट्रेनिंग भी दे रहे थे। बड़ी मात्रा में म्यांमार के भारत विरोधी आतंकियों को ड्रोन चलाने की ट्रेनिंग भी दे रहे थे। खबरें यहां तक है कि म्यांमार के इन आतंकियों को यूक्रेन से ड्रोन सप्लाई करने की योजना भी बन रही थी। ड्रोन कितने घातक हो सकते हैं वो आपने ईरान के हमलों में देख लिया। दरअसल डीप स्टेट और सीआईए की नजर भारत के नॉर्थ ईस्ट राज्यों और आसपास के पड़ोसी देशों पर है। बांग्लादेश में अमेरिकी डीप स्टेट बंगाल की खाड़ी के पास सेंट मार्टिंस आइलैंड में एक नया देश बनाने के चक्कर में था। इसके अलावा हाल ही में बांग्लादेश में अमेरिकी सेना से जुड़ा एक एजेंट भी मारा गया था। कई लोगों ने दावा किया कि उस एजेंट को भारत और रूस की खुफिया एजेंसी ने मिलकर ही निपटाया था। लेकिन इस बार सीआईए नॉर्थ ईस्ट में रंगे हाथों पकड़ी गई है। दिलचस्प बात यह है कि एक अमेरिकी के साथ छह यूक्रेनी क्यों पकड़े गए? तो आपको बता दें कि कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसके पीछे भारत और रूस की रणनीतिक दोस्ती है।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक सीआईए ने यूक्रेनियों को इसलिए चुना क्योंकि यूक्रेन हमेशा से हथियार बनाने वाला एक बड़ा देश रहा है। यूक्रेन के पास तस्करी करने के लिए अवैध हथियारों का जखीरा है। इसके अलावा यूक्रेनी लोग ड्रोनस के भी एक्सपर्ट हैं। तभी तो ईरान ने जब अपने शंहीद ड्रोन से मिडिल ईस्ट में तबाही मचाई। तभी तो डोनाल्ड ट्रंप ने अचानक जेलस्की को फोन किया और कहा कि यूक्रेन के ड्रोन एक्सपर्ट्स को मिडिल ईस्ट भेजो।

# हो गया सबसे बड़ा धमाका! अचानक भड़का किम जोंग

## दाग दी मिसाइल



**इजराइल**

**इजराइल** अमेरिका की ओर से ईरान पर हो रहे भीषण हमलों को लेकर पूरी दुनिया अलर्ट पर है। क्योंकि यह जंग धीरे-धीरे इतनी खतरनाक होती जा रही है कि इसका सीधा असर अब दुनिया के कई देशों पर पड़ रहा है। ईरान ने तो स्टेट ऑफ फॉरमज को लेकर अमेरिका और इजराइल को सीधी चेतावनी देते हुए कह दिया है कि अगर ट्रंप में हिम्मत है तो वह तेल टैंकरों को अमेरिकी युद्धपोतों की सुरक्षा में इस रास्ते से निकाल कर दिखाएं। यानी कि ईरान ने ट्रंप को बता दिया है कि अगर इस क्षेत्र में युद्धपोत भेजे तो उन्हें खाक में मिला दिया जाएगा। ईरान की यह चेतावनी इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि हॉर्मज स्ट्रेट वैश्विक तेल व्यापार का सबसे महत्वपूर्ण गलियारा है। सैकड़ों जहाज पहले से ही हॉर्मज में अटके हुए हैं। इसकी वजह से कच्चे तेल की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। जब रूस और चीन ईरान का सपोर्ट करते हुए लगातार बयानबाजी कर रहे हैं और अमेरिका इजराइल को चेता रहे हैं तो वहीं अब उत्तर कोरिया ने ऐसा धमाका किया है कि जिसने अमेरिका में खलबली मचा दी है और कई देश खतरे में आ गए हैं।

उत्तर कोरिया ने 5000 टन वजन वाले नौसैनिक विध्वंसक युद्धप से स्ट्रेटेजिक क्रूज मिसाइल का टेस्ट किया है। टेस्ट के दौरान कोरियाई नेता किम जोंग भी मौजूद थे। किम जोंग ने नए विध्वंसक पो से समुद्र से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के परीक्षण को देखा। उन्होंने इसे नए युद्धपोत की मुख्य क्षमता बताया है। कहा है कि जहाज देश की समुद्री रक्षा का नया प्रतीक बनेगा। दरअसल नए युद्ध पोत को आधुनिक मिसाइल और एयर डिफेंस सिस्टम से लैस किया गया है। यह उत्तर कोरिया का सबसे आधुनिक और भारी जहाजों में से एक माना जा रहा है। यह विध्वंसक पोत, समुद्र, हवा और जमीन तीनों दिशाओं से आने वाले खतरे का मुकाबला करने में सक्षम है। इसे मल्टी रोल कॉम्बैट मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। इस पर लंबी दूरी की गाइडेड मिसाइलें तैनात की जा सकती है। जिनसे दुश्मन के युद्धपोतों और जमीनी ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। दरअसल उत्तर कोरिया ने तगड़ा धमाका ऐसे वक्त में किया है जब 9 मार्च को अमेरिका दक्षिण कोरिया के साथ सैन्य अभ्यास करने की तैयारी कर रहा है।

अमेरिका दक्षिण कोरिया 9 से 19 मार्च तक संयुक्त सैन्य अभ्यास करेंगे। माना जा रहा है कि उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग का यह कदम महज एक रूटीन ट्रायल नहीं बल्कि ईरान पर हुए हालिया अमेरिकी हमलों का एक सीधा और आक्रामक जवाब है। किम जोंग ने साफ कर दिया है कि उनकी नौसेना पानी के नीचे से आसमान तक प्रहार करने के लिए तैयार है। यानी कि ईरान से युद्ध के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी नौसैनिक और परमाणु क्षमता का फिर से खुलकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। किम जोंग का यह कदम अमेरिका के लिए तो एक बड़ा खतरा तो पैदा कर ही रहा है। साथ ही दुनिया को भी एक नए युद्ध की आग में झोंक सकता है।

किम जोंग ने हाल ही में अमेरिका और इजराइल की कारवाई को गुंडागर्दी बताते हुए कहा था कि वह आग से खेल रहे हैं। साथ ही चेतावनी दी थी कि ईरान में मौजूद एक भी उत्तर कोरियाई नागरिक को नुकसान पहुंचता है तो उनका देश बिना किसी संकोच के युद्ध में उतर जाएगा। यानी कि किम जोंग ने महायुद्ध का सायरन बजा दिया है।

# ईरान मारेगा! ताबड़तोड़ मिलाइल हमलों से डरकर कहां भागे अमेरिका के ये 2 जहाज?

**इजरायल**

**मिडिल** ईस्ट में चल रहे ईरान और इजरायल के युद्ध के बीच एक ऐसी आहट, एक ऐसी सैन्य हलचल सामने आई है जिसने पूरी दुनिया के रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। अमेरिकी नौसेना के सबसे आधुनिक माइंड काउंटर मेजर जहाजों में से दो यूएसएस तुलसा और यूएसएस सा बरबरा अचानक अपने बेस बहरीन से 3500 मील दूर मलेशिया के पेनांग में देखे गए हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब हुर्म जलडमरू मध्य में समुद्री बारूदी सुरंगों का खतरा चरम पर है। इन जहाजों का प्राथमिक काम ही समुद्र से बारूदी सुरंगों को खोजकर नष्ट करना है ताकि तेल के टैंकरों और मालवाहक जहाज सुरक्षित निकल सके। ऐसे में इनका युद्ध क्षेत्र से इतनी दूर जाना अमेरिका की सैन्य रणनीति और सुरक्षा चिंताओं पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। रक्षा गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि अमेरिका ने इन कीमती जहाजों को ईरान की जवाबी कार्रवाही से बचने के लिए जानबूझकर एक क्षेत्र से बाहर निकाला है।

फरवरी 2026 के अंत में ईरान और अमेरिका के बीच शुरू हुई प्रत्यक्ष सैन्य झड़पों के बाद बहरीन स्थित अमेरिकी फिफ्थ फ्लट का मुख्यालय ईरान की बैलेस्टिक मिसाइलों और कामिकाजे ड्रस की सीधी रेंज में आ गया। विशेषज्ञों का तर्क है कि इंडिपेंडेंस क्लास के यह जहाज एलुमिनियम से बने हैं। हालांकि ये तकनीक में बेजोड़ हैं, लेकिन संरचनात्मक रूप से यह पुराने लकड़ी के माइन वेपर्स की तुलना में अधिक नाजुक हैं। अगर ईरान अपनी एंटीशिप मिसाइलों या विस्फोटक नावों से इन पर हमला करता है।

# सऊदी सेना ने आसमान में ही किया तबाह



**सऊदी अरब**

**सऊदी अरब** के रक्षा मंत्रालय ने रियाद के राजनयिक क्षेत्र की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे एक अन्य ड्रोन को रोके जाने की पुष्टि की है। यह ताजा घटना हवाई खतरों की एक श्रृंखला के बाद हुई है, क्योंकि सऊदी सेना ने हाल के घंटों में कई ड्रोनों को सफलतापूर्वक मार गिराया है। रोके गए लक्ष्यों में कम से कम एक अन्य विमान भी शामिल था जो कथित तौर पर उसी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था। ड्रोन हमलों के अलावा, सऊदी सैन्य इकाइयों ने इसी दौरान बढ़ी हुई गतिविधियों के बीच एक बैलिस्टिक मिसाइल को भी निष्क्रिय कर दिया। मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया गया, लेकिन मंत्रालय ने बताया कि इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप प्रिंस सुल्तान एयर बेस के पास मलबा गिरा। हालांकि, अधिकारियों ने पुष्टि की कि गिरे हुए टुकड़ों से बेस या आसपास के क्षेत्रों को कोई नुकसान नहीं हुआ। तेजी से बढ़ते शत्रुतापूर्ण माहौल के बीच, सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह बुधवार शाम को राजधानी में अरब और इस्लामी देशों के विदेश मंत्रियों के एक समूह की उच्च स्तरीय बैठक की मेजबानी करेगा। मंत्रालय द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक लेख के अनुसार, इस परामर्श सत्र का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखने के तरीकों के संबंध में परामर्श और समन्वय करना है। ये महत्वपूर्ण चर्चाएँ ऐसे समय में हो रही हैं जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच व्यापक टकराव 19वें दिन में प्रवेश कर चुका है। 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य अभियान के बाद क्षेत्रीय स्थिति और बिगड़ गई, जिसके जवाब में तेहरान ने कई दौर के ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन जवाबी हमलों में खाड़ी देशों, इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका की संपत्तियों को निशाना बनाया गया है।

# 36 चीनी पीएलए विमानों ने लांघी सीमा, 8 युद्धपोत भी तैनात

**ताइवान**

**ताइवान** के रक्षा मंत्रालय ने सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र के आसपास 36 चीनी सैन्य विमानों, आठ नौसैनिक जहाजों और एक सरकारी जहाज की उपस्थिति का पता लगाया। इन 36 में से 24 ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी रक्षा सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास 36 पीएलए विमान, 8 पीएलएएन जहाज और 1 सरकारी जहाज का पता चला। 36 में से 24 विमानों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी रक्षा सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति पर नजर रखी है और कार्रवाई की है। इससे पहले, ताइवान ने सुबह 8:01 बजे (स्थानीय समय) तक चीनी सैन्य विमानों की 28 उड़ानों का पता लगाया। इनमें से 21 विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर-के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी भाग के रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए।

एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 8:01 बजे से विभिन्न प्रकार के पीएलए विमानों (जे-10, जे-16, केजे-500 आदि सहित) की कुल 28 उड़ानें देखी गईं। इनमें से 21 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार करके उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी भाग के रक्षा क्षेत्र (अउक्के) में प्रवेश किया। ये विमान अन्य पीएलए जहाजों के साथ हवाई-समुद्री संयुक्त प्रशिक्षण कर रहे थे। आरओसी सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और तदनुसार कार्रवाई की।



ताइवान पर चीन का दावा एक जटिल मुद्दा है, जिसकी जड़ें ऐतिहासिक, राजनीतिक और कानूनी तर्कों में निहित हैं। बीजिंग का दावा है कि ताइवान चीन का अभिन्न अंग है, यह दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीति में निहित है और घरेलू कानूनों तथा अंतरराष्ट्रीय बयानों द्वारा समर्थित है।

हालांकि, ताइवान अपनी एक अलग पहचान बनाए रखता है और स्वतंत्र रूप से अपनी सरकार, सेना और अर्थव्यवस्था के साथ कार्य करता है। ताइवान की स्थिति अंतरराष्ट्रीय बहस का एक महत्वपूर्ण विषय बनी हुई है, जो संप्रभुता, आत्मनिर्णय और अंतरराष्ट्रीय कानून में गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांतों की परीक्षा लेती है, जैसा कि यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया के अनुसार है।

ताइवान पर चीन का दावा 1683 में किंग राजवंश द्वारा मिंग राजवंश के वफादार कोक्सिंगा को हराने के बाद द्वीप पर कब्जा करने से उत्पन्न हुआ।

# भारत ने भेजी पहली बड़ी खेप, ईरान बोला शुक्रिया!

**ईरान**

**एक** तरफ दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ भारत ने एक बार फिर दुनिया को इंसानियत का सबसे बड़ा संदेश दिया। जी हां, भारत से भेजी गई मेडिकल सहायता की पहली खेप अब ईरान पहुंच चुकी है और ईरान ने खुले दिल से भारत को धन्यवाद कहा है। ईरानियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने इस मदद को स्वीकार करते हुए भारत के लोगों के प्रति आभार जताया। दरअसल भारत में ईरान के दूतावास के आधिकारिक हैंडल ईरान एंबेसी इन



इंडिया ने एक्स पर एक ट्वीट कर-के जानकारी दी कि भारत के लोगों की ओर से भेजी गई मेडिकल सहायता की पहली किम सफलतापूर्वक ईरान पहुंच चुकी है और इसे ईरानियन रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंप दिया गया है।

इस ट्वीट में खास बात यह थी कि इसमें भारत के लोगों का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया। यानी यह सिर्फ सरकार की मदद नहीं बल्कि भारत की जनता की ओर से एक मानवीय सहयोग है। ईरान ने अपने इस संदेश में साफ कहा कि हम भारत के दयालु लोगों का धन्यवाद करते हैं और यह शब्द सिर्फ औपचारिक नहीं बल्कि एक गहरी कूटनीतिक भावना को दिखाता है। दरअसल जब कोई देश मुश्किल समय में होता है और उसे दूसरे मुल्क से मदद मिलती है तो वह संबंध सिर्फ राजनीतिक नहीं रहता बल्कि मानवीय रिश्तों में बदल जाता है। अब अगला सवाल ये है कि ईरान को भारत की मदद की जरूरत क्यों पड़ी? इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। पहला स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव। किसी भी आपदा संकट या संघर्ष के दौरान मेडिकल संसाधनों की भारी कमी हो जाती है और इस वक्त ईरान अमेरिका और इजराइल के वॉर से जूझ रहा है। जहां अमेरिका और इजराइल मिलकर ईरान पर टूट पड़े हैं। दूसरा है आर्थिक प्रतिबंधों का असर। ईरान पर लंबे समय से लगे अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का असर उसकी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है और तीसरा है आपातकालीन जरूरतें। अचानक बढ़ती बीमारियों या आपदाओं के कारण दवाइयों और उपकरणों की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में जब ईरान जंग से जूझ रहा है तब भारत की यह मदद बेहद अहम बन जाती है। भारत लंबे समय से मानवीय कूटनीति को बढ़ावा देता है।

# बेरूत से बगदाद तक जमकर हो रहा युद्ध

**मध्य पूर्व**

**मध्य पूर्व** में युद्ध की आग अब केवल क्षेत्रीय नहीं रही, बल्कि यह पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेने की दिशा में तेजी से बढ़ रही है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने साफ चेतावनी दे दी है कि इस संघर्ष के वैश्विक प्रभाव अब शुरू हो चुके हैं और यह किसी की दौलत, धर्म या नस्ल नहीं देखेगा। यह बयान आने वाले भयंकर संकट की खुली घोषणा है। हम आपको बता दें कि ईरान ने इजराइल पर क्लस्टर मिसाइलों से हमला कर इस संघर्ष को और भी खतरनाक बना दिया। खोर्रमशहर



चार और कदर मिसाइलों से तेल अवीव को निशाना बनाया गया। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड ने इसे अपने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी की हत्या का बदला बताया है। इस हमले में न केवल व्यापक तबाही हुई बल्कि इजराइल की सुरक्षा व्यवस्था भी चुनौती के घेरे में आ गई। बताया जा रहा है कि इजराइल में ईरान ने 100 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# होर्मुज में लाल झंडे वाले दो जहाज देख चौंका अमेरिका, ट्रंप ने तुरंत जिनपिंग को घुमाया फोन!

**ईरान**

**ईरान** की जंग में अब एक नई एंट्री हो चुकी है और यह एंट्री किसी छोटे देश की नहीं बल्कि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी ताकत की है। चीन अब खुलकर मैदान में उतरता हुआ नजर आ रहा है और इसी के साथ ही बता दें कि अमेरिका और इजराइल की टेंशन इस वक्त कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। लेकिन सवाल अब सिर्फ जंग का नहीं है बल्कि सुपर पावर टकराव का हो चुका है। ईरान की मदद के लिए चीन से दो बड़े जहाज ईरान की तरफ रवाना हो गए हैं। इस खबर से अमेरिका में इस वक्त बता दें कि खतरनाक हड़कंप भी मचा हुआ है। चीन ने इन जहाजों के अंदर ऐसा क्या भेजा कि अब सबकी नजरें इन जहाजों पर टिक गई है। इसको लेकर अलग-अलग तरह की चचाएं काफी ज्यादा तेज है। दरअसल बता दें कि चीन और ईरान के बीच बेहद मजबूत आर्थिक रिश्ता है।

ईरान का लगभग 90% कच्चा तेल चीन खरीदता है। यानी चीन की एनर्जी सिक्योरिटी काफी हद तक ईरान पर टिकी हुई है। अगर ईरान कमजोर होता है तो इसका सीधा असर चीन की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अब सबसे बड़ी खबर यह कि चीन से दो बड़े मालवाहक जहाज ईरान की तरफ रवाना हुए हैं। इन जहाजों के नाम बताए जा रहे हैं शाब्डीस और बर्जी। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह जहाज चीन के जुहाई के पास एक केमिकल पोर्ट से निकले हैं और दावा यह सामने आया है कि इनमें मिलिट्री ग्रेड केमिकल लदा हो सकता है। अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट में यह बड़ा खुलासा सामने आया है और



यह बताया गया है कि इन जहाजों में ऐसे केमिकल हो सकते हैं जो बैलस्टिक मिसाइल और रॉकेट बनाने में इस्तेमाल होते हैं। कुछ एक्सपर्ट्स ने यह भी दावा किया है यह बताया है कि इनमें हथियारों की खेप भी हो सकती है। दावा यह भी सामने आया है कि इसमें चीन ने ईरान को बड़ी मानवीय सहायता के रूप में दवाइयां और चिकित्सा उपकरण भेजे हैं। यह सहायता नागरिक आबादी को राहत पहुंचाने के लिए है। इसके साथ ही चीन ईरान में बता दें कि रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करते हुए यहां पर कई हजार गुना डॉलर की सहायता भी प्रदान कर रहा है। रिपोर्ट्स में यह खुलासा हुआ है कि यह सहायता का उद्देश्य जो है वो यह है कि 13 टन से अधिक दवाइयां के पैकेट्स और मेडिकल सामग्री जो है वो चीन ने ईरान में संघर्ष के दौरान मानवीय संकट को कम करने के प्रयास के तौर पर की है और इन्हीं सभी वजहों के कारण यह अटकलें तेज है कि इन दवाओं के नाम पर चीन ने कुछ और ही ईरान को भेजा है जो इस युद्ध में ईरान की बड़ी मदद कर सकता है। हालांकि इसकी कोई भी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

अब इन जहाजों पर नजर रखे हुए हैं अमेरिका और यूरोपियन यूनियन। क्योंकि अगर यह जहाज ईरान पहुंचते हैं तो ईरान को बड़ी सैन्य ताकत मिल सकती है और अगर अमेरिका इन्हें रोकने की कोशिश करता है तो सीधा टकराव चीन से हो सकता है। इस बीच ईरान लगातार इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन से हमले भी कर रहा है। बता दें कि रोशोन लीजियन पर तेल लवीब जैसे शहरों को निशाना बनाया गया है। दावा यह है कि क्लस्टर बम तक इस्तेमाल किए गए हैं। हालांकि इन दावों की अभी कोई भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अगर चीन खुलकर ईरान के साथ आ गया और अमेरिका इजराइल के साथ पहले ही खड़ा है तो यह जंग मिडिल ईस्ट तक सीमित नहीं रहेगी।